तापमान

अधिकतम 31.4 डिग्री

न्यूनतम 16.6 डिग्री

# हरिभूमि बालोद भूमि

रायपुर, सोमवार 28 अप्रैल 2025



13 नेवारीकला के शिक्षक योगेश्वर को एफएलएन सह नवा ...



14 यातायात नियमों के उल्लंघन और नशे की आदत से ...






## खबर संक्षेप

### पिंगले के नेत्रदान से दो परिवार को मिली रौशनी

**डौंडीलोहारा।** नगर स्थित आईटीआई से सेवानिवृत्ति अधीक्षक रमेश कुमार पिंगले के



मरणोपरांत उनके पारिवारिक जनों की सहमति से नवदृष्टि फाउंडेशन के माध्यम से नेत्रदान किया गया। धर्मनिष्ठ व समाज के लिये सदा समर्पण भाव रखने वाले पिंगले परिवार द्वारा श्री रमेश कुमार पिंगले के नेत्रों के दान से दो परिवारों के अंधेरे जीवन को रोशनी मिलेगी एवं इस पुनीत कार्य से समाज को परोपकारी कार्य के अनुसरण की प्रेरणा मिलेगी। नव दृष्टि फाउंडेशन ने इस पावन कार्य के लिये पिंगले परिवार का हृदय से साधुवाद करते हुए उन्हें सादर नमन करता है। नवदृष्टि फाउंडेशन के प्रयास से 148 वाँ नेत्रदान है।

### धमना साहू समाज अकाल मृत्यु पर परिजनों को दी 40 हजार की मदद

**जामगांव आर।** धमना साहू समाज एवं ग्रामीणों ने साधर्मिक सहयोग का मिशाल प्रस्तुत करते हुए असहाय परिवार के मुखिया का कम उम्र में निधन होने के पश्चात हर संभव मदद का हाथ बढ़ाया। पूर्व सरपंच अंकालु राम साहू ने बताया कि ग्राम धमना निवासी गजेंद्र कुमार साहू राज मिस्त्री 38 वर्ष पिता राम साहू का आकस्मिक निधन 25 अप्रैल को हार्ड अटैक से हो गया, जिसका अंतिम संस्कार मुक्तिधाम धमना में हुआ एवं संपूर्ण कार्यक्रम 27 अप्रैल को किया गया। गजेंद्र साहू अपने पीछे 12 से 15 वर्ष उम्र के दो पुत्र एक पुत्री एवं धर्मपत्नी को छोड़कर इस संसार से चले गए, गजेंद्र कुमार की मृत्यु पश्चात उनके भूमिहीन परिवार को जीवन यापन करने के लिए परिवार पर मुसीबत का पहाड़ टूट पड़ा। उनके पास रहने के लिए निवास भी नहीं है, धर्मपत्नी गिरिजाबाई साहू की आर्थिक दयनीयता को भांपते हुए स्थानीय साहू समाज धमना द्वारा एवं गांव के अन्य समाज के व्यक्तियों द्वारा अंतिम संस्कार के लिए चावल, सब्जी, राशि एवं अन्य सामग्री के रूप में लगभग 40500 रूपये का सहयोग कर नेकी का काम किया है तथा उनके अंतिम कार्यक्रम में समाज को दी जाने वाली मृत्यु भोज से छुटकारा करते हुए समाज ने स्वगऍय गजेंद्र साहू को सच्ची श्रद्धांजलि अर्पित किया है।

### पिकअप वाहन में पशु तस्करी, आरोपी पकड़ाया

**राजनांदगांव।** पिकअप वाहन में पशु तस्करी किए जाने की सूचना पर पुलिस ने वाहन से मवेशी बरामद कर आरोपी को गिरफ्तार किया है। पुलिस सूत्रों के अनुसार थाना छुरिया पुलिस द्वारा अवैध गतिविधियों के विरुद्ध अभियान चलाया जा रहा है। 27 अप्रैल को पुलिस ने मूखबीर सूचना पर छुरिया फॉरेस्ट नाका के पास आरोपी शीतल राठौर निवासी नागपुर द्वारा अपने पिकअप वाहन में तीन नग मवेशियों को बिना चारा-पानी के ठूंस-ठूंसकर भरकर अवैध तरीके से कत्लखाना (महाराष्ट्र) परिवहन करते पाए जाने पर कार्रवाई की है।

### बांग्लादेशी, संदिग्धों की पहचान के लिए मुहिम

**राजनांदगांव।** जिले में बाहर से आए मुसाफिरों, फेरी वालों, बांग्लादेशी व अन्य संदिग्धों की पहचान के लिए पुलिस ने अभियान चलाया है। जिसके तहत लगभग 170 लोगों की जांच की गई। जिसमें किसी प्रकार के बांग्लादेशी व्यक्ति नहीं पाए गए। पुलिस के अनुसार पुलिस अधीक्षक मोहित गर्ग के निर्देशन में जिले में हो रही चोरी आदि की घटना की रोकथाम के लिए अभियान के तहत 26 अप्रैल को सभी थाना व चौकी में अभियान चलाकर बांग्लादेशी एवं अन्य बाहरी मुसाफिरों को चेक किया जा रहा है। साथ ही संदिग्ध किरायेदारों की भी चेकिंग की जा रही है।

# धोबी समाज कन्या विवाह पर देगा पांच हजार की सहायता राशि

हरिभूमि न्यूज ▶▶| गुरूर

छत्तीसगढ़ धोबी समाज गुरुर राज के महाअधिवेशन में एक से बढ़कर एक रचनात्मक निर्णय लिया गया है, जिसमें प्रमुख रूप से मांगलिक कार्य शादी छट्ठी में कानफोडूं डीजे पर लगाया प्रतिबन्ध, अगर खुशहाली मनाना ही है तो गांव के ही छत्तीसगढ़िया गढ़वा बाजा का उपयोग कर सकते हैं।

इस महानिर्णय में राज्य भर के मुखिया सम्मिलित हुए जिसमें प्रमुख रूप से राजनांदगांव जिला के अध्यक्ष चौतराम निर्मलकर, दुर्ग जिला के अध्यक्ष गोपाल निर्मलकर, प्रदेश संगठन मंत्री नकुल निर्मलकर, महासचिव बजरंगी छाटा, कबीरधाम जिला के अध्यक्ष हिमलेश निर्मलकर, महासमुंद जिला के अध्यक्ष पोषण निर्मलकर, धमतरी जिला संगठन प्रभारी रोशन निर्मलकर, रायपुर के अध्यक्ष वरुण निर्मलकर, युवा प्रदेश अध्यक्ष रोशन निर्मलकर, कोरबा जांजगीर जिला अध्यक्ष ललित बरेट, रायगढ़ जिला अध्यक्ष अवधेश कुमार सोन, गरियाबंद जिला युवा अध्यक्ष उमेश निर्मलकर, बालोद जिला अध्यक्ष डॉक्टर दयाल राम निर्मलकर, युवा जिला अध्यक्ष शहर निर्मलकर, जांजगीर जिला संगठन प्रभारी महावीर कर्ष, प्रदेश महामंत्री भोजराम कर्षेल, टेक राम निर्मलकर, महिला विंग के अध्यक्ष मैना निर्मलकर, छबी लता निर्मलकर, महासचिव परमानंद निर्मलकर, राजू निर्मलकर सहित अनेक पदाधिकारी ने अपने विचार रखे और रचनात्मक कार्य का समर्थन किया।

### शादी व छट्ठी में डीजे पर प्रतिबंध, गढ़वा बाजा लगाने की अपील






#### ठगी का कोई शिकार न हो

इसी प्रकार रिश्ते तय करते समय कोई ठगी का शिकार ना हो जिसको ध्यान में रखते हुए दोनों पक्ष का चिकित्सीय प्रमाण पत्र तथा दोनों पक्ष के सामाजिक मुखिया की उपस्थिति अनिवार्य, छत्तीसगढ़ प्रदेश धोबी समाज के अध्यक्ष सूरज निर्मलकर के निर्देशन पर यह अभियान पूरे प्रदेश पर चल रहा है जिसका परिपालन गुरुर राज धोबी समाज कर रहा है। समाज के अध्यक्ष जगजीवन निर्मलकर ने बताया कन्या विवाह में 5000 की सहायता राशि कन्या पक्ष को प्रदान किया जाएगा, इसी प्रकार किसी के मृत्यु होने पर कफन के बदले दान राशि दी जाएगी और मृत्यु भोज में कलेवा के अनिवार्यता खत्म कर दी गई है।

## मौसम

# 44 से 46 डिग्री सेल्सियस तापमान ने किया बेहाल, रोज 200 मरीज पहुंच रहे अस्पताल

**डिहाइड्रेशन, हीट स्ट्रोक, लो बीपी, चक्कर और त्वचा संबंधी रोगों के मरीज ज्यादा**

हरिभूमि न्यूज ▶▶| दल्लीराजहरा

नगर में इन दिनों तापमान लगातार बढ़ता जा रहा है, जिससे जनजीवन अस्त-व्यस्त हो गया है। तेज धूप और गर्म हवाओं के चलते लोग घरों से निकलने में परहेज कर रहे हैं। हालात ऐसे बन गए हैं कि स्थानीय शहीद अस्पताल, ज्योति अस्पताल, आयुष अस्पताल, पुष्पा हासपीटल सहित सरकारी अस्पतालों में गर्मी से प्रभावित मरीजों की संख्या में भी तेजी से इजाफा हुआ है।

मौसम विभाग के अनुसार दल्लीराजहरा का अधिकतम तापमान 44 से 46 डिग्री सेल्सियस के पार पहुँच चुका है। बढ़ती गर्मी के कारण डिहाइड्रेशन, हीट स्ट्रोक, लो बीपी, चक्कर आना और त्वचा संबंधी रोगों के मामले सामने आ रहे हैं। नगर के मुख्य अस्पताल में डॉक्टरों की टीमें मरीजों को राहत पहुंचाने में जुटी हैं। अस्पताल प्रबंधन के अनुसार प्रतिदिन औसतन 150 से 200 मरीज गर्मी से संबंधित बीमारियों के लक्षण लेकर अस्पताल पहुँच रहे हैं। इनमें बुजुर्गों और बच्चों की संख्या अधिक है।





#### खास बातें

- पर्याप्त मात्रा में पानी, नींबू पानी, छाछ जैसे तरल पदार्थों का सेवन लाभकारी
- मौसम के तेवर कुछ ऐसे ही बने रहेंगे, लोग गर्मी से बचे, टोपी, गमछा, चश्मा का करे उपयोग



#### अगले कुछ दिन और बढ़ेगी गर्मी

मौसम वैज्ञानिकों के अनुसार आने वाले कुछ दिनों तक राहत के आसार नहीं हैं। तापमान में और वृद्धि हो सकती है तथा गर्म हवाओं (लू) का प्रकोप भी बढ़ सकता है। विशेषज्ञों ने खासकर बच्चों, बुजुर्गों और पहले से ज्यादा ध्यान रखना होगा।

#### स्वास्थ्य विभाग ने जारी की एडवायजरी

स्वास्थ्य विभाग ने आम नागरिकों के लिए जरूरी सावधानियाँ बरतने की अपील की है। विभाग द्वारा जारी एडवायजरी में कहा गया है कि दोपहर 11 बजे से शाम 4 बजे तक धूप में निकलने से बचें। यदि निकलना जरूरी हो तो छाता, टोपी या गमछा का प्रयोग करें और हल्के रंग के सूती कपड़े पहनें। पर्याप्त मात्रा में पानी, नींबू पानी, छाछ जैसे तरल पदार्थों का सेवन करते रहें। तेज धूप में अत्यधिक परिश्रम या व्यायाम न करें। किसी भी प्रकार की अस्वस्थता महसूस होने पर तुरंत चिकित्सकीय सहायता लें। गौरतलब है कि जनजीवन प्रभावित, बाजारों में भी सन्नाटा गर्मी का असर नगर के बाजारों पर भी साफ दिखाई दे रहा है। दोपहर के समय सड़कें सुनसान रहती हैं और बाजारों में ग्राहकों की संख्या बेहद कम देखी जा रही है। दुकानदारों ने बताया कि भीषण गर्मी के कारण व्यापार पर भी असर पड़ा है। वहीं स्कूल प्रबंधन ने भी बच्चों की सुरक्षा को ध्यान में रखते हुए ग्रीष्मकालीन अवकाश कर दिया गया है,कई निजी संस्थानों ने कर्मचारियों के लिए लंच के समय में बढ़ोतरी और वर्क फ्रॉम होम की सुविधा देने का निर्णय लिया है।

## सड़क दुर्घटना में भाजपा के युवा कार्यकर्ता की हुई मौत



हरिभूमि न्यूज ▶▶| डौंडीलोहारा

ब्लॉक के ग्राम पंचायत रेंगाडबरी के रहने वाले डोमेंद्र निषाद की विगत रात्रि को राजनांदगांव के अस्पताल में इलाज के दौरान मौत हो गई। दरअसल में वे शुक्रवार को दोपहर तीन बजे अपने एक रिश्तेदार को मोहला छोड़कर अपने गृह ग्राम रेंगाडबरी लौट रहे थे। इस दौरान शादी के लिए बारात जा रही एक दूल्हा गाड़ी कार और बाइक सवार युवक डोमेंद्र की आमने-सामने टक्कर हो गई। घटना अंबागढ़ चौकी मार्ग पर दनगढ़ क्षेत्र के ग्राम आड़ेझर के पास हुई। इस घटना में गंभीर रूप से घायल युवक को राजनांदगांव अस्पताल में इलाज के लिए भर्ती कराया गया। जहां उनकी जान नहीं बच पाई। रात में निधन हो गया। शनिवार को पीएम के बाद उनके शव को गृह ग्राम लाया गया। जहां अंतिम संस्कार हुआ, इस निधन पर भारतीय जनता पार्टी के वरिष्ठ नेताओं और कार्यकर्ताओं ने श्रद्धांजलि दी। 9 जुलाई 1999 को जन्मे मृतक डोमेंद्र निषाद पिता खोरबाहरा राम निषाद की 25 वर्ष की अल्पायु में निधन से घर में कोहराम के अलावा रेंगाडबरी वासियों में शोक और मातम का माहौल देखने को मिल रहा है।

# नहर रेलिंग से टकराकर कार पलटी, पति-पत्नी हैं सुरक्षित

हरिभूमि न्यूज ▶▶| डौंडीलोहारा

नगर से तीन किमी दूर ग्राम संबलपुर के पास रविवार को दोपहर लगभग साढ़े तीन बजे खरखरा नहर नाली के रेलिंग से टकराकर एक कार पलट गई।कार में सवार पति पत्नी दोनों बाल बाल बचे।



पुलिस से मिली जानकारी अनुसार राजनांदगांव निवासी कार चालक अनिल कुमार मंडावी 60 वर्ष अपनी पत्नी के साथ धमतरी से वापिस गृहनगर राजनांदगांव जा रहे थे कि ग्राम संबलपुर के पास स्थित खरखरा नहर नाली के पास उनकी कार अनियंत्रित होकर पुल के साइड स्थित रेलिंग से टकराकर पलट गई जिससे कार के चारो चक्के ऊपर हो गए व छत नीचे।राहगीरों की मदद से पति पत्नी दोनों को वहाँ से निकाला गया।वे दोनों सुरक्षित है।जानकारी मिलने पर नगर की पुलिस टीम घटनास्थल पर पहुंची व कार को पुलिया से हटाकर आवागमन दुरुस्त किया गया।प्रत्यक्षदर्शियों से मिली जानकारी अनुसार पुलिया के पास कुछ जानवर भी थे व सामने से एक भारी वाहन भी आ रहा था संभवतः कार चालक हड़बड़ा गए व कार अनियंत्रित होकर रेलिंग से टकराकर पलट गई।दुर्घटना के समय कार का एयरबैग भी खुल गया जिससे वे बाल बाल बचे व उन्हें चोट भी नही लगी।

### धारदार हथियार दिखाकर की मारपीट, गिरफ्तार

**भिलाई।** धारदार हथियार दिखाकर मारपीट करने वाले आरोपी आदित्य सिंह उर्फ टिट्टी 23 वर्ष कैंम्प एक को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। पंद्रह अप्रेल को प्रार्थी राजेश साहू के निवास के पास आकर आदित्य सिंग उर्फ टिड्डी प्रार्थी के भाई कन्हैया लाल साहू की बेटी के 376 पाक्सो एक्ट में उसे सजा होने की पुरानी बात को लेकर राजेश साहू के साथ गाली-गलौज किया गया। मना करने पर आदित्य सिंग जान से मारने की धमकी देते हुए प्रार्थी से मारपीट कर अपने हाथ में रखे लोहे का धारदार हथियार लहरा कर धमकाया। घटना की जानकारी प्रार्थी व्दारा घर में बताने पर इसके छोटे भाई कन्हैया लाल साहू ने भी बताया कि आदित्य सिंग उसे और प्रार्थी के पुत्र मोहनलाल साहू के साथ भी गाली गलौज कर जान से मारने की धमकी दिया है।

# फरदाफोड़ में आंबेडकर की जयंती मनाई, बुद्ध प्रतिमा की स्थापना की

हरिभूमि न्यूज ▶▶| गुण्डरदेही

ग्राम फरदाफोड़ में भारतीय बौद्ध महासभा जिला बालोद एवं परिक्षेत्र देवरी बंगला द्वारा आयोजित तथागत बुद्ध की मूर्ति स्थापना एवं जिला स्तरीय डॉ. भीमराव अंबेडकर जी की 134 वी जयंती समारोह में गुण्डरदेही विधायक कुंवर सिंह निषाद शामिल हुए।



उन्होंनें कहा कि भारत के पहले कानून मंत्री डॉ भीमराव अंबेडकर भारतीय संविधान के पिता कहे जाते हैं, अम्बेडकर जयंती को जातिगत भेदभाव और उत्पीड़न जैसी सामाजिक बुराइयों से लड़ने में न्यायविद के समर्पण को याद करने के लिए भी मनाया जाता है, उन्होंने जाति व्यवस्था का कड़ा विरोध किया और इसे समाज से मिटाने का प्रयास किया। डॉ भीमराव अंबेडकर हमेशा उत्पीड़ितों के साथ एकजुटता से खड़े रहे और महिलाओं, मजदूरों और अछूतों के जीवन के उत्थान के लिए काम किया। एक प्रखर समाज सुधारक, अर्थशास्त्री और प्रभावशाली वक्ता होने के नाते, डॉ अम्बेडकर राजनीति विज्ञान, कानून और अर्थशास्त्र जैसे विभिन्न विषयों के विद्वान थे। डॉ भीमराव अंबेडकर जी के व्यक्तित्व के विषय में छात्रें को ज्ञान होना बेहद आवश्यक है। इस अवसर पर दिलीप मेश्राम, नीता कमल रामटेक, देवेंद्र मेश्राम, हेमंत काण्डे, जीडीपी लोन्हारे, सदस्य जिला पंचायत बालोद गुलशन चंद्राकर, अध्यक्ष जनपद पंचायत डौंडीलोहारा क्रांति सोनबरसा, सदस्य जनपद पंचायत टिकम निषाद, सरपंच नीलिमा ठाकुर, सहित समाज के पदाधिकारी एवं सामाजिक लोग बड़ सख्या में उपस्थित थे।

## दुर्घटनाओं का खतरा कम होगा और लोगों को मिलेगी राहत

# गुड्स लिफ्ट और एस्केलेटर की सेवाएं पब्लिक सर्विस गारंटी एक्ट में शामिल

**दल्लीराजहरा सहित प्रदेश में लिफ्ट और एस्केलेटर की सुरक्षा को लेकर बड़ा फैसला**

हरिभूमि न्यूज ▶▶| दल्लीराजहरा

अनुविभागीय दंडाधिकारी नूतन कंवर के अनुसार अब पैसेंजर गुड्स लिफ्ट के अलावा एस्केलेटर को लेकर किसी भी तरह की कोताही बर्दाश्त नहीं की जाएगी सुरक्षा को लेकर पूरा ध्यान रखा जाएगा। उन्होंने बताया कि छत्तीसगढ़ सरकार ने राज्य में लिफ्ट और एस्केलेटर की सुरक्षा को लेकर एक बड़ा फैसला लिया है। अब सभी लिफ्ट और एस्केलेटर का पंजीकरण, नवीनीकरण और निरीक्षण अनिवार्य कर दिया गया है,



ताकि लोगों की जान-माल की सुरक्षा सुनिश्चित की जा सके। यह नियम के तहत लिफ्ट और एस्केलेटर का संचालन उच्च सुरक्षा मानकों के अनुसार जरूरी है। इससे दुर्घटनाओं का खतरा कम होगा और व्यवसायों को कानूनी परेशानियों से भी राहत मिलेगी।

मुख्यमंत्री विष्णु देव साय की पहल पर सरकार ने लिफ्ट और एस्केलेटर से जुड़ी सभी सेवाओं को पब्लिक सर्विस गारंटी एक्ट में शामिल कर दिया है। अब इन सेवाओं को अधिकतम 30 दिन के भीतर पूरा करना अनिवार्य होगा। अगर तय समय में काम नहीं होता है, तो संबंधित अधिकारी जिम्मेदार होंगे। इससे उद्योगों और व्यावसायिक संस्थानों को समय पर सेवा मिलेगी।

मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने कहा है कि आम जनता की सुरक्षा और सुविधाओं हमारी सरकार की प्राथमिकता है। लिफ्ट और एस्केलेटर की सुरक्षित व्यवस्था सुनिश्चित करना जरूरी है। इसलिए हमने इस सेवा को लोक सेवा गारंटी अधिनियम में शामिल किया है, ताकि हर लोगों को समय पर सेवा मिले और उनका भरोसा बना रहे।

मुख्य विद्युत निरीक्षणालय ने सभी बिल्डरों, व्यावसायिक प्रतिष्ठानों और लिफ्ट संचालकों से अपील की है कि वे नए नियमों का कड़ाई पालन करें और सुरक्षित रूप से लिफ्ट और एक्सलेटर की सुविधाएं उपलब्ध कराएं। इससे बीमा का खर्च भी घटेगा और कारोबार का जोखिम कम होगा।

# भगवान परशुराम जयंती 30 को मनाई जाएगी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| दल्लीराजहरा



प्रति वर्ष की भांति इस वर्ष भी ब्राह्मण समाज दल्लीराजहरा के तत्वावधान में भगवान विष्णु के छठवें अवतार भगवान परशुरामजी का प्रकाट्योत्सव बड़े धूमधाम एवं श्रद्धा के साथ मनाया जाएगा।

यह आयोजन आगामी 30 अप्रैल को स्थानीय श्रमवीर चौक के समीप वार्ड क्रमांक 22 स्थित ब्राह्मण समाज भवन में आयोजित किया जाएगा। आयोजन के पावन अवसर पर वैशाख शुक्ल पक्ष की अक्षय तृतीया तिथि को प्रातः 9:00 बजे से भगवान परशुरामजी की वैदिक विधि-विधान से पूजा-अर्चना प्रारंभ होगी। इसके उपरांत सुंदरकांड पाठ, श्री हनुमान चालीसा पाठ, हवन तथा आरती के बाद प्रसाद वितरण किया जाएगा।

आयोजन के तहत दोपहर 1:00 बजे से शाम 4:00 बजे तक महाप्रसाद व भंडारे का आयोजन भी किया गया है, जिसमें समाज के सभी सदस्यों को सपरिवार आमंत्रित किया गया है। ब्राह्मण समाज के प्रवक्ता कमल शर्मा ने समाज के अध्यक्ष राजेंद्र तिवारी एवं समस्त पदाधिकारियों की ओर से जानकारी देते हुए सभी समाजबंधुओं से कार्यक्रम में सपरिवार गरिमामय उपस्थिति दर्ज कर आयोजन को सफल बनाने की अपील की है।

## खबर संक्षेप



### 18 हितग्राहियों को लॉटरी से किया गया पीएम आवास का आवंटन

**दुर्ग।** प्रधानमंत्री आवास के तहत निगम क्षेत्र के 18 हितग्राहियों को पात्रता के अनुसार मकान का आवंटन लाटरी निकालकर किया गया। हितग्राही मकान की 10 फीसदी अंशदान राशि जमा किए थे। महापौर श्रीमती अलका बाघमार की उपस्थिति में उन हितग्राहियों को बुलाकर लाटरी की पर्ची उनके हाथो से निकलवाया गया। उनके हाथ में जो मकान नं पर्ची में लिखा था, उसे आवंटन कर दिया गया। बता दें कि मोहन लाल सोनी दिव्यांग भूतल आवास आबंटन माँ कर्मा आवास, पुष्पा गौतम, सरस्वती नगर, यिष्का जयसवाल, गणपति विहार, प्रेमलता निषाद माँ कर्मा के अलावा माँ कर्मा 5, सरस्वती नगर 6, गोकुल नगर 2, गणपति विहार 5, कुल 18 हितग्राहियों को पात्रता के मुताबिक मकान का आवंटन किया गया।इस मौके पर महापौर श्रीमती अलका बाघमार, लोक कर्म प्रभारी देवनारायण चन्द्राकर, स्वास्थ्य प्रभारी नीलेश अग्रवाल, एमआईसी सदस्य शशि साहू, हर्षिका जैन, नोडल व कार्यपालन अभियंता दिनेश कुमार नेताम मौजूद थे।

### उधारी के पैसे मांगे तो कर दी मारपीट गिरफ्तार कर जेल भेजा

**भिलाई।** थर्माकोल कटर से प्राणघातक हमला करने वाला आरोपी को पुलिस ने गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है। प्रार्थी दिलीप जाधव ने बताया कि आरोपी कृष्णा गायकवाड को उसने उधार पैसे दिए थे। जब उसने पैसे मांगे तो आरोपी ने उसके ऊपर प्राणघातक हमला कर दिया जिसमें उसे गंभीर चोटें आईं हैं। फरियादी की रिपोर्ट पर थाना सुपेला में आरोपी कृष्णा गायकवाड के विरूद्ध धारा 109 (1) बीएनएस का मामला दर्ज कर जांच में लिया। सुपेला पुलिस टीम ने तत्काल आरोपी कृष्णा गायकवाड घेराबंदी कर गिरफ्तार किया । न्यायालय पेश कर केन्द्रीय जेल दुर्ग भेज दिया गया है।

### चौपाटी के गंदा पानी से दुर्गंध

**भिलाई ।** सिविक सेंटर में चौपाटी की दुकानों का गंदा पानी यहां ओपनएयर थिएटर के निकट जमा होने से गंदगी का माहौल है। चौपाटी क खोमचों के जूठन और बर्तनों आदि धोने के गंदे पानी के जमा होने से दुर्गंध का माहौल है। क्षेत्रवासियों ने बताया कि बाईं ओर ओपन एयर थिएटर के आसपास भी कचरा जमा है। दुकानवालों को मना करने पर भी गंदा पानी यहां छोड़ा जा रहा है।

### राष्ट्रीय वेटरन एथलेटिक्स में जीता सिल्वर मेडल

**भिलाई।** मैसूर कर्नाटक में आयोजित 5000 मीटर की दौड़ में



सुरेश कुमार ने सिल्वर मेडल जीता है। भिलाई स्टील प्लांट के कर्मचारी ने छत्तीसगढ़ का प्रतिनिधित्व किया। वे प्रतियोगिता में दूसरे स्थान पर रहे। उनकी इस उपलब्धि पर पूरी ट्विनसिटी ने उन्हें बधाई दी है।

**जलसंकट :** विगत 21 अप्रैल को जनदर्शन में लगाई थी कलेक्टर से गुहार

# ग्रामीणों ने पीएचई से मांगा था पानी नहीं हुई सुनवाई, अब करेंगे हड़ताल

हरिभूमि न्यूज ⏭ दुर्ग

पिछले 21 अप्रैल को कलेक्टर जनदर्शन में अंजोरा ढाबा के ग्रामीणों ने पेयजल की समस्या होने पर गुहार लगाई थी। नाराज ग्रामीणो ने अपनी पीडा बताते हुए तीन दिन का अल्टीमेटम दिया था। लेकिन सप्ताहभर बाद भी सुनवाई नही होने से अब ग्रामीणों ने भूख हडताल पर बैठने का फैसला किया है और इसकी सूचना जिला और संबंधित थानों में दिया गया हैं।

मुख्यालय से लगा अंजोरा ढाबा गांव में गंभीर पेयजल संकट की स्थिति निर्मित हैं। कलेक्टर जनदर्शन में फरियाद के बाद भी पेयजल के लिए प्लास्टिक के डिब्बों की कतार लगाने की परेशानी से मुक्ति नहीं मिल पाई। इससे नाराज ग्रामीणों ने अब प्रशासन के खिलाफ अनिश्चितकालीन भूख हड़ताल का ऐलान कर दिया है। ग्रामीणों ने इस संबंध में एसडीएम हरवंश सिंह मिरी और संबंधित थाना के प्रभारी को सूचना पत्रक सौंप दिया है। मामले में ग्रामीणों ने अधिकारियों की गंभीरता पर सवाल उठाए हैं। ग्रामीणों का कहना है कि, अब पानी की व्यवस्था के बिना वे भूख हड़ताल से नहीं हटेंगे।

**पिछले जनदर्शन में ग्रामीणों ने सौंपा था कलेक्टर को ज्ञापन**



#### पीएचई ने किया हाथ खड़े

धर्मेश देशमुख ने बताया कि, जनदर्शन में शिकायत के बाद पीएचई विभाग के अधिकारी गांव आए थे। यहां सप्ताहभर पहले तालाब के अंदर बोर कराया गया है। बोर कराने के बाद ग्रामीणों ने यहां बोरवेल्स मशीन लगाने की मांग की। जिस पर एसडीओ पीएस ठाकुर ने कहा, हमं हैडपंप लगाने का अधिकार है, विभाग के पास बोरवेल्स मशीन लगाने का प्रावधान नही है। ऐसे में ग्रामीणों ने कहा कम से कम टैंकर से पानी की व्यवस्थ कराएं। जिस पर भी अफसरों ने प्रावधान नही होने की बात कहकर ग्राम पंचायत के फंड से व्यवस्था करने को कहा और आज तक पेयजल की समस्या नही सुलझी हैं।

#### ग्रामीणों का ऐलान अब भूख हड़ताल

एसडीएम को सौंपे गए सूचना पत्रक में ग्रामीणों ने पानी की व्यवस्था नहीं किए जाने के विरोध में सोमवार 28 अप्रैल से नगपुरा चौक पर अनिश्चितकालीन भूख हड़ताल किए जाने की जानकारी दी है। अंजोरा (ढा) के ग्रामीण युकां नेता धर्मेश देशमुख के नेतृत्व में भूख हड़ताल शुरू किए जाने की जानकारी दी गई है। ग्रामीणों ने पानी की व्यवस्था नहीं किए जाने तक आंदोलन में डटे रहने की बात कही है। गांव में 2500 से ज्यादा आबादी वाले अंजोरा ढाबा के लोगों की प्यास एकमात्र बोरवेल से बूझ रही है। यहां के लोगों को पानी की जरूरत की पूर्ति के लिए एकमात्र बोरवेल के सामने सुबह से प्लास्टिक के खाली डिब्बों की कतार लगानी पड़ती है।

# प्राण घातक हमले के आरोपी को 10 साल सश्रम कारावास

## अन्य आरोपियों को भी मिली सजा और अर्थदंड

हरिभूमि न्यूज ⏭ दुर्ग

- मामला वैशालीनगर थाने का

अष्टम सत्र न्यायाधीश श्रीमती श्यामवती मरावी ने प्राण घातक हमले के एक प्रकरण की सुनवाई करते हुए दोष सिद्ध पाए जाने के बाद हमले के एक आरोपी को 10 साल सश्रम कारावास व हमले में शामिल परिवार के अन्य लोगों को भी सजा व अर्थदंड दी है।

अभियोजन के अनुसार 5 अगस्त 2021 को सुबह करीब 6 बजे कैंप 1 आजाद मोहल्ला वैशाली नगर थाने के अंतर्गत रजिंदर कौर अपने घर के सामने गली में बेटी गुरप्रीत कौर के साथ खड़ी थी। उसी समय कृपा शंकर मिश्रा का लड़का गोपाल मिश्रा अपने मोटर साइकिल को तेजी से चलाते हुए गुरप्रीत कौर को मोटर साइकिल की चपेट में लेने का प्रयास किया। जिस पर प्रार्थिया ने मोटर साइकिल को तरीके से चलाने की बात कही। इसी बात से गोपाल मिश्रा ने रजिंदर कौर और उसकी बेटी गुरप्रीत कौर को जान से मारने की धमकी देकर गालियां देने लगा। झगड़ा देखकर गोपाल मिश्रा की मां मंगला देवी, उसके पिता कृपाशंकर मिश्रा, भाई किशन एवं उसके सहयोगी धरम सिंह एवं पूजा ने एक राय होकर डंडा, लाठी और फावड़े से मारपीट शुरु कर दी। झगड़े में बीच-बचाव करने आई प्रमिला देवी के सिर पर आरोपी गोपाल ने फावड़े से वार किया। जिसके कारण उसके सिर में गंभीर चोट आई। आरोपीगण धरम सिंह व कृपा शंकर ने डंडे से मारपीट की। प्रार्थिया रजिंदर कौर की रिपोर्ट पर वैशाली नगर पुलिस ने धारा 294, 506, 323, 147 कर अग्रिम विवेचना प्रारंभ की। संपूर्ण विवेचना कर आरोपीगणों के विरुद्ध 307 के तहत मामला पंजीबद्ध कर अभियोग पत्र विचारण के लिए न्यायालय में प्रस्तुत किया। अभियोजन की ओर से 12 गवाह बनाए गए और सभी का परीक्षण किया गया। विचारण उपरांत न्यायालय ने पाया कि आरोपी गोपाल मिश्रा को धारा 307 का दोषी मानते हुए 10 साल सश्रम कारावास 500 रुपए अर्थदंड। अर्थदंड नहीं पटाने पर एक माह का अतिरिक्त कारावास की सजा दी है। आरोपी मंगला मिश्रा, कृपाशंकर मिश्रा और आरोपी पूजा उर्फ गुरप्रीत कौर को धारा 294 में 15 दिन सश्रम कारावास और 323, 34 में एक माह व 100 रुपए अर्थदंड दिया गया है। शासन की ओर से अपर लोक अभियोजक अरविंद कुमार चंदेल ने पैरवी की।

# यूआरएम में नया रिफिनिशिंग कॉम्प्लेक्स का उद्घाटन

हरिभूमि न्यूज ⏭ भिलाई

इस्पात संयंत्र ने यूनिवर्सल रेल मिल (यूआरएम) में नए रिफिनिशिंग कॉम्प्लेक्स का उद्घाटन का निदेशक प्रभारी अनिर्बान दासगुप्ता ने किया। वरिष्ठ अधिकारियों और कार्यपालकगण की उपस्थिति में इस नवीन सुविधा का उद्घाटन किया। इस अवसर पर सभी ईडी उपस्थित थे। रिफिनिशिंग कॉम्प्लेक्स परियोजना का कार्य मेसर्स मैको कॉर्पोरेशन (इंडिया) प्रालि एवं मेसर्स यूजीआई इंजीनियरिंग वर्क्स प्रालि को सौंपा गया था। इस परियोजना को महाप्रबंधक प्रभारी एमवी रामप्रसाद तथा उनकी टीम, महाप्रबंधक डीकेजायसवाल, महाप्रबंधक जी. वाधवा, उपमहाप्रबंधक अभिषेक श्रीवास्तव, सहायक महाप्रबंधक के मानकर एवं वरिष्ठ प्रबंधक सीपी



तिवारी के सहयोग से पूर्ण किया गया। 2024 को कमीशन किया गया यह नया रिफिनिशिंग कॉम्प्लेक्स, 65 मीटर लंबे दोषयुक्त रेलों को दोष स्थान के अनुसार 13 मीटर एवं 26 मीटर की उपयोगी लंबाई में काटकर पुनः प्रयोग के लिए तैयार करने के लिए विकसित किया गया है। यह रणनीतिक सुविधा जीपी-1 एवं जीपी-2 रोलर टेबल्स का अधिकतम उपयोग करते हुए यूनिवर्सल रेल मिल में 130 मीटर लंबी रेलों के उत्पादन क्षमता में वृद्धि सुनिश्चित करेगी।

### कोक ओवन बैटरी-7 की चिमनी-सात का प्रज्वलन

**भिलाई।** भिलाई इस्पात संयंत्र ने कोक ओवन बैटरी-7 एवं 8 के पुनर्निर्माण' परियोजना के तहत बैटरी-7 की चिमनी-7 का सफलतापूर्वक प्रज्वलन किया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि निदेशक प्रभारी अनिर्बान दासगुप्ता थे। इस अवसर पर कार्यपालक निदेशक एस. मुखोपाध्याय, प्रवीण निगम, बीके गिरी, राकेश कुमार, डॉ. रविंद्रनाथ एम, सीजीएम अनुराग उपाध्याय, उमेश भारद्वाज, तुलाराम बेहेरा, प्रणय कुमार, मानस कुमार गुप्ता उपस्थित थे। चिमनी-7 के भीतर मरम्मत एवं रिफ्रैक्टरी कार्य का निष्पादन भिलाई की फर्म मेसर्स बीईसी द्वारा मेसर्स सीयूआई, तकनीकी पर्यवेक्षण में किया गया।

# नए जिलाध्यक्ष पहुंचे जेवरा सिरसा ब्लॉक में कांग्रेसियों के बीच

हरिभूमि न्यूज ⏭ दुर्ग

चिलचिलाती धूप और भरी गर्मी में जेवरा सिरसा ब्लाक में पहली बार पहुंचे जिला कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष राकेश ठाकुर का कार्यकर्ताओं ने गर्मजोशी से स्वागत किया। कार्यकर्ताओं को रिचार्ज करते हुए नए जिला अध्यक्ष राकेश ठाकुर ने सगंठन को जमीनी स्तर पर मजबूत बनाने पर बल दिया।

कांग्रेस पार्टी के नवनियुक्त दुर्ग (ग्रामीण) जिला अध्यक्ष राकेश ठाकुर का जेवरा सिरसा में प्रथम आगमन पर ब्लॉक कांग्रेस के पदाधिकारी व कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने भव्य स्वागत किया । इस दौरान ब्लॉक कांग्रेस कमेटी जेवरा सिरसा के अध्यक्ष अशोक साहू सहित कांग्रेस के नेता, कार्यकर्ता और समर्थक बड़ी संख्या में उपस्थित थे। जेवरा सिरसा पहुंचे जिलाध्यक्ष



राकेश ठाकुर ने कहा कि वह कांग्रेस पार्टी की नीतियों और शासन की विफलाताओं को जन-जन तक पहुंचाने के लिए पूरी तत्परता से कार्य करेंगे। उन्होंने संगठन को मजबूत बनाने और पार्टी के कार्यकर्ताओं के हित में काम करने का वचन दिया। श्री ठाकुर ने सभी कार्यकर्ताओं से एकजुट होकर काम करने की अपील कीश्री ठाकुर ने कांग्रेस पदाधिकारियों के साथ विभिन्न मुद्दों पर चर्चा भी किया। जिला अध्यक्ष राकेश ठाकुर ने कॉंग्रेस पार्टी को मजबूत बनाने के लिए एवं पार्टी के रीति नीति के बारे में अवगत कराते हुए पुनः छत्तीसगढ़ में कॉंग्रेस पार्टी को जिताने के लिए संकल्प लिया। इस दौरान जेवरा जगदीश मार्कण्डेय, राधेश्याम यादव, प्रशांत गौतम, मोहित साहू, टुन्ना लाल देशमुख, उमेश साहू आदि मौजूद थे।

# नेशनल हाईवे व मालवीय रोड से कंडम वाहनों को हटाया

हरिभूमि न्यूज ⏭ भिलाई

यातायात पुलिस ने जिले की यातायात व्यवस्था और सड़क दुर्घटनाओं को रोकने के लिए मुहिम शुरु कर दी है। पुलिस अधीक्षक ट्रैफिक व्यवस्था को लेकर मॉनिटरिंग करते नजर आ रहे है।

अधीक्षक यातायात ऋचा मिश्रा नो पार्किंग में पिछले कई महीनों से खड़े कंडम वाहनों के खिलाफ पुलिस ने कार्रवाई की है।

इन वाहन मालिकों को पूर्व में भी पुलिस ने चेतवानी देकर छोड़ा था। लेकिन उसके बाद वाहन मालिकों ने नो पार्किंग जोन से कंडम वाहनों को हटाने की जहमत नहीं उठाई। इसके बाद पुलिस ने बीते तीन दिन से इस कार्रवाई को शुरु कर दिया है। शहर में दुर्घटनाओं को रोकने के लिए यातायात पुलिस द्वारा चलाए जा रहे विशेष चेकिंग अभियान के तहत जिले के प्रमुख मार्ग नेशनल हाईवे, सर्विस रोड, मालवीय नगर रोड, जेल तिराहा रोड, डबरा पारा से हाथ खोज मार्ग, मुर्गा चौक से खुर्सीपार रोड, सेक्टर 10 मार्ग, बोरसी रोड, में खड़ी 47 कंडम वाहनों को हटाया गया। उधर 187 वाहनों पर नो पार्किंग की कार्यवाही की गयी। वहीं जिले के प्रमुख चेकिंग पॉइंटों पर शाम 6 बजे से देर रात तक लापरवाह शराब पीकर वाहन चलाने वाले , दो पहिया वाहन में तीन सवारी, काली फिल्म वाहनों पर मोटर व्हीकल एक्ट धाराओं के तहत कार्यवाही करते हुए विगत तीन दिन में 676 वाहन चालकों से समंस शुल्क वसूल किया गया।

# नवीन कानूनों से नागरिकों को मिलेगा जल्द न्यायः एसएसपी

हरिभूमि न्यूज ⏭ भिलाई

नवीन भारतीय न्याय संहिता आम नागरिकों को न्याय दिलाने के लिए बनाया गया है। जिससे आम नागरिकों को न्याय मिलने में विलम्ब न हो।पुलिस और न्यायालय के लिए समय निर्धारित किया गया है। इससे पीड़ितों को जल्द राहत मिलेगी। पुलिस इसके लिए पूरी तरह गंभीर और प्रतिबद्ध है।

यह बात एसएसपी विजय अग्रवाल ने एसएनजी स्कूल सेक्टर 4 आडिटोरियम में नवीन आपराधिक कानूनों पर प्रशिक्षण कार्यशाला में कही। । उन्होंने पुलिस अधिकारियों और कर्मचारियों को संबोधित करते हुए कहा कि भारत



सरकार द्वारा पूर्व प्रचलित आपराधिक कानूनों के स्थान पर तीन नए कानून भारतीय न्याय संहिता, भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता और भारत साक्ष्य अधिनियम बनाया गया है । यह एक जुलाई वर्ष 24 से प्रभावशील है। नवीन कानूनों में जल्द महिलाओं एवं बच्चों से संबंधित अपराध को स्पष्ट करते हुए परिभाषा एकजाई किया गया है। जिसमें बच्चों की परिभाषा दी गई कि बच्चा कौन है, महिलाओं से संबंधित अपराधों में दण्ड का प्रावधान करते हुए इसे कठोर बनाया गया है। धारा 4 भारतीय न्याय संहिता में सामुदायिक सेवा, न्याय व्यवस्था का दण्ड से न्याय की ओर बढ़ता कदम है। एसएसपी ने कहा कि भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता के अंतर्गत कहीं अपराध होता है और आप यदि घर पर उपस्थित नहीं है, तो जहां पर आप उपस्थित हो, वहां पर आप एफ.आई. आर. करवा सकते हैं। एफआईआर करना पुलिस का दायित्व है।

# सीएमएचओ का घेराव कर कलेक्टर को सौंपा ज्ञापन

हरिभूमि न्यूज ⏭ दुर्ग

जिले के स्वास्थ्य विभाग में कल अधिकारी, कर्मचारी में जबरदस्त आक्रोश रहा, लगभग 400 अधिकारी, कर्मचारी सीएमएचओ कार्यालय का घेराव कर जोरदार नारेबाजी किए। ततपश्चात मुख्य चिकित्सा एव स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. मनोज दानी ने कर्मचारी नेताओं को बुलाकर चर्चा किये, इस चर्चा में प्रमुख रूप से वीएस राव कार्यकारी प्रांताध्यक्ष स्वास्थ्य एवं बहुद्देश्यीय कर्मचारी संघ एवं एनएचएम के जिलाध्यक्ष डॉ. आलोक शर्मा, संजीव दुबे, लक्की दुबे, ऋचा मेश्राम, शेखर ताम्रकार, चंद्रहास धनकर, दिव्या लाल, संजय यादव, गजेंद्र गुप्ता, चंद्रेश रिगरी, योगेश गहिरवार तथा लगभग 400 अधिकारी, कर्मचारी उपस्थित रहे। संघ ने स्वास्थ्य विभाग में बायो मेट्रिक एप्प का विरोध किया। फील्ड के कर्मचारियों के लिए बायोमेट्रिक बिल्कुल नही लगाने की मांग की गई। एनएचएम के शहरी इकाई दुर्ग, भिलाई, चरोदा के 410 अधिकारी-कर्मचारियों का वेतन 2 माह से लंबित तत्काल आहरण करने की मांग।

सीएचसी धमधा में कलेक्टर द्वारा 34 अधिकारी, कर्मचारी का एक दिवसीय वेतन रोकने की आदेश को तत्काल निरस्त करे। जिला चिकित्सालय दुर्ग में जिन स्टॉफ नर्सो का वेतन वृद्धि रोकने के आदेश किये गए, उस आदेश को निरस्त करने और दर्जनभर अधिकारी व कर्मचारियों का नियम के विरुद्ध किये गए स्थानांतरण आदेश को निरस्त करने की मांग की गई हैं।

**वित्त वर्ष में दो कब्जाधारियों से दो एकड़ जमीन और 660 अवास खाली कराए**

# प्रवर्तन टीम ने लाइसेंसी आवासों को खाली कराया

हरिभूमि न्यूज ⏭ भिलाई

बीएसपी के नगर सेवाएं विभाग के प्रवर्तन अनुभाग द्वारा द्वारा जारी अवैध कब्जा हटाओ अभियान के तहत शनिवार को सेक्टर-4 में तीन लाइसेंसी आवासों से अवैध कब्जाधारियों को बेदखल कर आवंटी आवास धारक तथा रखरखाव कार्यालय को सुपुर्द किया गया। यह कार्यवाही संपदा न्यायालय के आदेश पर की गई।

सेक्टर-4 स्थित 9 ई-26-4 आवास को लाइसेंस पर ए मनीषा को, 11एच-26-4 आवास को शिवलाल ठाकुर को तथा 11 एफ-26-4 आवास को सरस्वती कहार को आवंटित किया गया था, जिन पर अवैध कब्जा कर रहने वाले कब्जाधारियों के विरूद्ध प्रवर्तन टीम ने खाली कराया।



बीएसपी की संपत्ति पर कब्जा करने वाले भू-माफियाओं, अवैध कब्जाधारियों, अवैध रिटेंशनधारियों तथा अनफिट आवासों पर से कब्जाधारियों की बेदखली कार्यवाही नगर सेवाएं विभाग के प्रवर्तन अनुभाग की टीम द्वारा पीएचडी विभाग, पुलिस विद्युत विभाग, सिविल विभाग, संपदा न्यायालय के कर्मचारियों के सहयोग से जारी है। बीएसपी के मेल में बताया गया कि वित्त वर्ष में कुल 784 बीएसपी क्वाटर अवैध कब्जेधारिओं से खाली करवाया गया है।

सम्पदा न्यायलय के द्वारा अवैध कब्जेधारियों के विरुद्ध पारित 323 डिक्री आदेश का क्रियान्वयन किया गया । यह एक रिकार्ड है। दो एकड़ जमीन और 660 आवासों को भी बिजली पानी कनेक्शन काट कर कब्जाधारियों से खाली कराया गया। पांच सौ से अधिक अवैध स्ट्रक्चर तोड़े गए और 225 से अधिक अवैध ठेलो को जप्त किया गया। लगभग 6620 अवैध बैनर, पोस्टर, होर्डिंग्स टाउनशिप के मुख्य तथा अन्य मार्गो से हटाया गया।

# कॉपर चोरी मामले में भाजपा पार्षद समेत 4 गिरफ्तार, भेजे गए जेल

हरिभूमि न्यूज ⏭ भिलाई

इस्पात संयंत्र से 1.32 लाख रुपए कीमत का कापर तार चोरी करने के मामले में पुलिस ने पार्षद समेत 4 लोगों को गिरफ्तार किया। उनसे पास से करीब 220 किलो कॉपर तार जब्त किया गया। आरोपियों को गिरफ्तार कर कोर्ट में पेश किया गया, जहां से जेल भेज दिया गया। भट्ठी पुलिस ने बताया कि सीआईएसएफ के उप निरीक्षक कॉपर चोरी की सूचना दी। 24 अप्रैल को मेनगेट में संदिग्ध व्यक्ति को पूछताछ के लिए रोका गया। व्यक्ति के पास गेट पास था। अपनी टाटा नैनो कार से संयंत्र से बाहर जाने के लिए मेनगेट के आउट गेट पर आया था। जांच के



दौरान आरोपी बाहर की ओर भागने लगा। सीआईएसएफ ने उसे पकड़ा। इसके बाद आरोपी की पहचान परमेश्वर पिता मुरलीधर देवदास उम्र- 37 वर्ष निवासी रिसाली बस्ती के रूप में हुई।

उसके पास से कर्मचारी संजय कुमार पद- एसीटी, विभाग यूआरएम के नाम का मूल गेट पास मिला। कार में करीब 220 किग्रा कापर रखा था। आरोपी परमेश्वर ने लक्ष्मी तांडी, हर्ष देशमुख और योगेश विश्वकर्मा के साथ मिलकर चोरी करने की जानकारी दी। चोरी किए माल को पूर्व में शत्रुहन के माध्यम से सुपेला के कैलाश बर्तन वाले के पास बेचना बताया। इसके बाद सभी आरोपियों को गिरफ्तार किया गया। आरोपियों को कोर्ट में पेश किया गया, जहां से जेल भेज दिया गया। आरोपियों में लक्ष्मी तांडी जोरातराई, हर्ष देशमुख ऊर्फ पुष्पेंद्र ऊर्फ चाकलेटी स्टेशन मरोदा, योगेश विश्वकर्मा स्टेशन मरोदा शंकर पारा निवासी बताए गए हैं।

## खबर संक्षेप

### प्रशांत चौरे को मिली पीएचडी

**मुढ़ीपार।** ग्राम पंचायत देवरी निवासी प्रशांत कुमार चौरे पिता सुंदरलाल चौरे ने इंदिरा कला संगीत विश्वविद्यालय खैरागढ़ के इतिहास विभाग से पीएचडी की उपाधि हासिल की है। उन्होंने अपना शोध इतिहास संस्कृति और पुरातत्व विभाग के सहायक प्राध्यापक डॉ. मंगलानंद झा के निर्देशन में पूर्ण किया। उनके शोध का विषय दुर्ग संभाग अंतर्गत आने वाले पुराने स्मारक थे। डॉ चौरे ने शोध कार्य की सफलता का श्रेय परिवार, समाज तथा विश्वविद्यालय के शिक्षकों को दिया है। पिछले वर्ष उन्हें पांडादाह में निशुल्क शिक्षण प्रशिक्षण केन्द्र संचालित करने पर दलित साहित्य अकादमी दिल्ली ने मौलाना आजाद शिक्षा रत्न अवार्ड से सम्मानित किया था।

### सम्मान समारोह आज

**पटेवा।** सलोनी जोन अंतर्गत सेवानिवृत प्राचार्य, प्रधानपाठक एवं शिक्षकों का सम्मान समारोह का आयोजन आगामी 28 अप्रैल को उच्चतर माध्यमिक विद्यालय मदराकुही में किया गया। कार्यक्रम में 18 सेवानिवृत्तों का सम्मान किया जाएगा। मुख्य अतिथि बीईओ नीलमसिंह राजपूत होंगी। अध्यक्षता संकुल प्राचार्य शिवलाल साहू करेंगे। विशिष्ट अतिथि के रुप में खेमराज जैन, सुजीतसिंह चौहान, धनवा वर्मा उपस्थित रहेंगे।

### 20 जोड़ों का ब्याह आज अरूण साव होंगे शामिल

**घुमका।** ग्राम में कल 29 अप्रैल को मां कर्मा जयंती मनाया जाएगा। इस कार्यक्रम में उपमुख्यमंत्री अरुण साव शिरकत करेंगे। महिला बाल विकास विभाग के अधिकारी विमला शर्मा ने बताया मुख्यमंत्री कन्या विवाह योजना अंतर्गत 20 जोड़े का विवाह होगा। सीएमओ नागेश्वर देवदास ने बताया कर्मा जयंती के अवसर पर एक करोड़ की लागत के विकास कार्य जैसे सीसी सड़क, हाईमास्क लाइट, पेयजल के लिए बोर खनन का भूमिपूजन किया जाएगा। साहू समाज के अध्यक्ष गुमान साहू ने बताया कि जयंती कार्यक्रम के तहत सुबह 9 बजे शोभायात्रा निकाला जाएगा। सुबह 11 बजे ध्वजारोहण कर आरती किया जाएगा। एक बजे अतिथि उद्बोधन होगा और इसी दौरान नव दंपति को मुख्यमंत्री विवाह योजना के अंतर्गत सहायता राशि का चेक दिया जाएगा। कार्यक्रम में पूर्व गृह मंत्री ताम्रध्वज साहू, भागवत साहू, विधायक हर्षिता स्वामी बघेल, जिपं अध्यक्ष किरण वैष्णव, किरण बारले, भुवनेश्वर बघेल, जिला भाजपा अध्यक्ष कोमलसिंह राजपूत, नोहेन्द्र सिन्हा, दिलीप पटेल, चंद्रेश वर्मा शामिल होंगे।

### अटल डिजिटल सुविधा केंद्र का शुभारंभ

**मुढ़ीपार।** ग्राम पंचायत मुढ़ीपार में गुरुवार को अटल डिजिटल सुविधा केंद्र का शुभारंभ हुआ। अब पंचायत के लोगों को जरूरी सुविधाएं उपलब्ध होगी। इस केन्द्र के शुरू होने से ग्रामीणों को विभिन्न कार्य के लिए अब ब्लॉक एवं जिला मुख्यालय नहीं जाना पड़ेगा। यहां नागरिक सुविधाओं से संबंधित सेवाएं, वित्तीय सेवाएं ,सीएससी की सेवाएं ऑनलाइन होंगी। अटल डिजिटल सेवा केंद्र के माध्यम से लोग जन्म -मृत्यु प्रमाण पत्र, आय, निवास जाति प्रमाण पत्र, विवाह पंजीयन, राजस्व सेवा के लिए आवेदन कर सकेंगे। यहां नगद आहरण, राशि ट्रांसफर, बीमा, कृषि, पेंशन, पैन कार्ड संबंधित काम भी होंगे। सीएससी सेवा के तहत विभिन्न सरकारी योजनाओं का पंजीयन भी होगा। बिजली बिल भुगतान, रेल टिकट बुकिंग आदि भी गांव से हो सकेगा।

### राष्ट्रपति पुरस्कार से सम्मानित शिक्षिका निगार सेवानिवृत्त

**खैरागढ़।** लगातार 44 साल तक ब्लॉक के विभिन्न शालाओं में शैक्षणिक सेवा देने वाली राष्ट्रपति पुरस्कार से सम्मानित शिक्षिका निगार अंजुम खान की सेवानिवृत्ति पर शाला परिवार ने कार्यक्रम आयोजित कर भावभीनी बिदाई दी। भरदाकला हाईस्कूल में प्रभारी प्राचार्य के रूप मे कार्यरत निगार अंजुम खान का शाल, श्रीफल व प्रतीक चिन्ह भेंटकर सम्मानित कर उनकी शैक्षणिक सेवाओं को स्मरणीय पल बताते अतिथियों ने कहा कि पूरी शिद्दत से उन्होंने कार्यकाल के दौरान मिली जिम्मेदारियों का निर्वहन किया है।

### ऑनलाइन आंकलन मे 500 स्कूल ही भाषा, गणित की बुनियादी समझ में खरे उतरे

# नेवारीकला के शिक्षक योगेश्वर को एफएलएन सह नवा जतन वारियर्स का दिया गया ससम्मान

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बालोद

छ.ग राज्य से 100 एफएलएन सह नवा जतन वारियर्स का सम्मान एससीईआरटी के दिशा निर्देश पर रायपुर के आंजनेय यूनिवर्सिटी विधानसभा रोड नरदहा मे किया गया। जिसमे जिले के शिक्षक भी सम्मिलित हुए। जिसमे ग्राम नेवारीकला निवासी शिक्षक योगेश्वर कुमार साहू को सम्मानित किया गया।

- समारोह में राज्य के 100 वारियर्स का सम्मान किया गया

इसी कड़ी मे सबसे पहले फरवरी माह मे पुरे छग राज्य से सभी शिक्षकों से ऑनलाइन फॉर्म भरवाया गया, जिसमे मात्र पुरे छग से 1500 शिक्षकों ने ही इसमें रूचि दिखाते हुए एलएलएन चैलेंज को स्वीकार किया। इसके बाद मार्च माह मे एससीईआरटी नोडल अधिकारी और डाइट टीम द्वारा ऑनलाइन आंकलन किया गया जिसमे 500 स्कूल ही इस भाषा, गणित के बुनियादी समझ मे खरे उतरे। ऑनलाइन आंकलन होने के बाद पूरी टीम एक बार फिर सघन आंकलन करने के लिए प्रत्येक स्कूल ऑफलाइन आये। जिसमे एससीईआरटी के नोडल टीम, डाइट टीम, जिला व विकास खंड से टीम सम्बंधित स्कूल आये और बच्चों से रूबरू होकर फाउंडेशन लिटरेसी एंड न्यूमेरेसी भाषा और गणित के बुनियादी समझ से सम्बंधित आंकलन किये जिसमे पुरे राज्य से मात्र 100 स्कूल ही इस लक्ष्य को प्राप्त कर पाए।







इसी कड़ी मे ऑनलाइन के बाद, ऑफलाइन आंकलन हुआ जिसमे कक्षा पाँचवी के बच्चों ने भाषा, गणित के बुनियादी सवालों और दक्षता को हासिल कर लिया क्योंकि यहाँ बच्चे सभी नवा जतन पद्धति से पढ़ाई करते है जैसे ग्रुप लर्निंग, पियर लर्निंग, गली मित्र, विषय मित्र नवा जतन के सात सशक्त बिंदु बच्चों को स्वयं से सीखने के लिए प्रेरित करना, स्वयं से और अधिक तेज गति से सीखने के लिए चुनौती देना, विषय मित्र बनाये ग्रुप लर्निंग, पियर लर्निंग, गली मित्र, बच्चों के जिज्ञासु रवैये का सम्मान करें, सीखने मे प्राद्योगिकी का उपयोग, सेल्फी विथ सक्सेस का नियमित उपयोग कर सीखने की गति को बढ़ाना, शिक्षक लेखन अनुभव की आदत डालना।

इन्ही सब बातो का समावेश कर स्कूल के बच्चे इस एफएनएन सह नवा जतन के आंकलन मे सफल हुए शिक्षक योगेश्वर कुमार साहू ने बताया कि बच्चे जब से नवा जतन का उपयोग कर रहे है तब से इनमे अलग परिवर्तन आया है बच्चों कि आत्मविश्वास मे गजब का इजाफा हुआ है। पुरे जिले से मात्र दो स्कूलों का चयन ही इस वारियर्स सम्मान के लिए हुआ।

कार्यक्रम की शुरुवात माँ सरस्वती के पूजा अर्चना से आरम्भ हुआ, जिसमे मुख्य अतिथि के रूप मे संचालक एससीईआरटी छग ऋतुराज रघुवंशी थे। अध्यक्षता अतिरिक्त संचालक लोक शिक्षण संचालनालय छग डॉ योगेश शिवहरे ने किया। विशिष्ट अतिथि उपसंचालक लोक शिक्षण संचालनालय छ ग आशुतोष चावरे, एफएलएन प्रकोष्ठ सुनील मिश्रा, शबनम खान उपस्थित थे।

डॉ योगेश शिवहरे ने कहा की शिक्षक जब तक बच्चों से रूबरू जुड़ेंगे नही तब तक हम कक्षा का बेहतर संचालन नही कर सकते। उन्होंने आगे कहा कि हमें अपनी क्षमता को पहचाना होगा। शिवहरे ने अपनी बातो मे कहा कि आदिकाल से हमारी शिक्षा बेहतर थी लेकिन विदेशी आक्रमणकारियो ने हमारी शिक्षा व्यवस्था को पूरी तरह बर्बाद कर दिया।

इस कार्यक्रम को पूरी तरह राज्य रिसोर्स शिक्षक परिवार ने तैयार किया था पुरे राज्य से 100 शिक्षकों को सेलेक्ट करना इतना आसान नही था लेकिन टीम की कड़ी मेहनत और लगन ये कर दिखाया इसमें राजकुमार जलतारे, दीपेश पुरोहि, कविता देवांगन, रीता मण्डल, नीता सार्वा, राजमोहन सभी का योगदान रहा।

# आत्मानंद विद्यालय बेल्हारी की लोकल परीक्षाओं के नतीजे जारी



हरिभूमि न्यूज ▶▶| जामगांव आर

स्वामी आत्मानंद शासकीय उत्कृष्ट अंग्रेजी एवं हिंदी माध्यम विद्यालय बेल्हारी में शैक्षणिक सत्र 2024 25 स्थानीय वार्षिक परीक्षा का परिणाम घोषित किया गया। अतिथि सरपंच ग्राम पंचायत बेल्हारी अमित अग्रवाल, अध्यक्ष भाजपा जामगांव आर मंडल कमलेश साहू, अध्यक्ष पालक समिति बेल्हारी रफीक खान के द्वारा कक्षा में स्थान प्राप्त करने वाले विद्यार्थियों को मेडल एवं अंक सूची प्रदान किया गया।

कक्षा ग्यारहवीं हिंदी माध्यम में कुमारी लुपिका 84.4 प्रतिशत अंक लेकर कक्षा में प्रथम स्थान, दीपिका धनकर 82.8 प्रतिशत अंक लेकर द्वितीय स्थान एवं गुलशन कुमार 77.4 प्रतिशत अंक लेकर तृतीय स्थान प्राप्त किया। कक्षा नवमी हिंदी माध्यम कुमारी शुभांगी 90.16 प्रतिशत अंक लेकर कक्षा में प्रथम स्थान, कुमारी खुशी 86.6 प्रतिशत अंक लेकर कक्षा में द्वितीय स्थान प्राप्त किया एवं कुमारी तान्या 74.2 प्रतिशत अंक लेकर तृतीय स्थान प्राप्त किया कक्षा।

नवमी अंग्रेजी माध्यम सोनम प्रजापति 96 प्रतिशत अंक लेकर प्रथम स्थान, कुमारी गोष्टी चंद्राकर 92.17 प्रतिशत अंक लेकर द्वितीय स्थान एवं परमेश्वर 90.33 प्रतिशत अंक लेकर कक्षा में तृतीय स्थान प्राप्त किया। इसी प्रकार अंग्रेजी माध्यम कक्षा 1 से 4 एवं 6 से 7 का परीक्षा परिणाम भी घोषित किया गया एवं विद्यार्थियों को अंक सूची तथा मेडल प्रदान किए गए।

मुख्य अतिथि अग्रवाल ने सफलता की केवल एक ही कुंजी परिश्रम पर विद्यार्थियों को जोर देने की बात कही केवल इमानदारी से परिश्रम करके ही हम अपने लक्ष्य को प्राप्त कर सकते हैं, इस प्रकार आशीर्वचन एवं आगामी सत्र के लिए सभी अतिथियों एवं प्राचार्य के द्वारा विद्यार्थियों को शुभकामनाएं प्रदान की गई। कार्यक्रम का संचालन खुशबू मिश्रा ने की और आभार नीता वर्मा व्याख्याता ने व्यक्त किया। इस अवसर पर संस्था के समस्त व्याख्याता, शिक्षक एवं सहायक शिक्षक, विद्याथएँ एवं पालकगण उपस्थित थे।

# कुर्मी समाज के अधिवेशन में विधायक निषाद हुए शामिल



हरिभूमि न्यूज ▶▶| गुण्डरदेही

ग्राम खप्परवाडा में चंद्रनाहू कुमएँ क्षत्रिय समाज उपक्षेत्र अंडा द्वारा आयोजित वार्षिक अधिवेशन में विधायक कुंवर सिंह निषाद शामिल होकर महापुरुषों के चित्रें पर पुष्प माल्यार्पण किया। इस अवसर पर विधायक ने कुमएँ समाज की विशेषताओं पर प्रकाश डालते हुए कहा कि कुमएँ समाज अपने विशिष्ट खान–पान, रहन–सहन, व्यापार से पहचाना जाता है। आज मैं कुमएँ क्षत्रिय समाज के कार्यक्रम में शामिल होकर गौरवान्वित महसूस कर रहा हूॅ। छत्तीसगढ़ को संवारने में कुमएँ छत्रिय समाज का योगदान अनुकरणीय है।

परम्पराओं, संस्कृतियों को संजोते हुए शिक्षा आधुनिकता और समानता के साथ यह समाज बढ़ा रहे है। कार्यक्रम मे अध्यक्ष जिला पंचायत बालोद तारिणी पुष्पेंद्र चंद्राकर, पूर्व जनपद सदस्य ममता चंद्राकर, समाज के पदाधिकारी सहित कुमएँ क्षत्रिय समाज के लोग उपस्थित थे।

# विरोध में कांग्रेस ने किया आतंकवाद का पुतला दहन



**छुईखदान।** पहलगाम में आतंकवादियों द्वारा 28 बेगुनाहों को गोली मारकर हत्या के विरोध में जिला कांग्रेस कमेटी के तत्वावधान में आतंकवादियों एवं पाकिस्तानी प्रधानमंत्री के मुंह पर कालिख पोतकर, पाकिस्तानी झंडा को लात मारते हुए आतंकवाद व पाकिस्तान का पुतला दहन किया। कांग्रेस नेताओं ने मशाल रैली निकालकर नगर भ्रमण करते हुए जय स्तंभ चौक पर एकत्रित हुए। पुतला दहन कर घंटे भर तक नारेबाजी किया। मशाल रैली में राजा गिरिराज किशोर दास, रामकुमार पटेल, कोमल साहू, सज्जाक खान, संजय महोबिया, आरती महोबिया, गुलशन तिवारी, मनीष कोचर, शैव्या वैष्णव, संजू नेताम, अमित महोबिया, विनोद तिवारी, अशोक जंघेल, प्रकाश महोबिया, आशु खान, हेमंत वैष्णव, इशू दुबे, नजारुद्दीन खान, रिंकू महोबिया, कामदेव जंघेल, संतोष यदु आदि शामिल हुए। इस मौके पर कांग्रेसियों ने कहा कि जम्मू कश्मीर केंद्र शासित प्रदेश है जहां सुरक्षा का जिम्मा गृह मंत्रालय के अधीन होता है फिर भी हथियारबंद आतंकवादी पर्यटकों की हत्या कर बच निकले जो सुरक्षा की बड़ी चूक है।

# श्री राधावल्लभ धाम के निर्माण के लिए किया गया भूमिपूजन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| डौंडीलोहारा

समीप के ग्राम पंचायत सिवनी के आश्रित ग्राम कामता में शासकीय अस्पताल के सामने भालूकोन्हा जाने वाले मार्ग पर लगभग एक करोड़ रुपये की लागत से बनने वाले श्री राधाबल्लभ धाम निर्माण कार्य का शुभारंभ किया गया।

इस कार्यक्रम के मुख्य अतिथि लालनिवेंद्र सिंह टेकाम नगर पंचायत अध्यक्ष डौंडी लोहारा, अध्यक्षता श्रीमति सुनीता तारम सरपंच ग्राम पंचायत सिवनी, विशेष अतिथि गौकरण सिन्हा अध्यक्ष नगर किसान समिति डौंडी लोहारा, नेतराम तारम पूर्व सरपंच, हरेश्वर सिन्हा, श्री राजराजेश्वर राधा कृष्णा सेवा संस्था के संरक्षक श्री राजेश तिवारी जी महराज मानस किंकर, अध्यक्ष महरू राम सिन्हा,उपाध्यक्ष भगवानी राम सिन्हा, कोषाध्यक्ष प्रेमलाल पटेल, सहकोषाध्यक्ष बिसून मराठे, सचिव रविचंद सिन्हा, संचालक कंवल सिंह सिन्हा, रोशन साहू जी सिविल इंजीनियर, दुल्लु राम सिन्हा ,ग्राम बैगा दिनेश तारम, छन्नू साहू महराजपुर, छगनलाल सिन्हा एवं समस्त तिवारी शिष्य परिवार की उपस्थिति में किया गया। अध्यक्ष महरू राम सिन्हा ने बताया कि श्री राधाबल्लभ धाम निर्माण का कार्य श्री राज राजेश्वर राधा कृष्ण सेवा संस्था के संरक्षक श्री राजेश तिवारी जी महाराज (लोधी खपरी वाले ) मानस किंकर के मार्गदर्शन में जन सहयोग से बनाया जायेगा जो कि भव्य होने के साथ साथ क्षेत्र वासियों के लिए आस्था का केन्द्र रहेगा ।



# रेंगाडबरी के पूर्व माध्यमिक शाला के सेवानिवृत्त प्रधानपाठक को दी विदाई

हरिभूमि न्यूज ▶▶| डौण्डीलोहारा

वनांचल ग्राम रेंगाडबरी में सेवानिवृत्ति प्रधानपाठक श्री उत्तम प्रसाद चतुर्वेदी को भावपूर्वक विदाई दी गई, इस अवसर पर शाला के बच्चों ने सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किया, सर्वश्रेष्ठ छत्तीसगढ़ी फिल्म गीतकार विष्णु कोठारी मीत ने शानदार भावुक कर देने वाली विदाई गीत प्रस्तुत कर कार्यक्रम में चार चांद लगा दिए, शिक्षक श्री पीएम ठाकुर ने चतुर्वेदी सर के जीवन पर प्रकाश डालते हुए कहा कि उन्होंने अपने 37 वर्ष तक शिक्षा विभाग में सेवा देकर राष्ट्र निर्माण में महत्वपूर्ण योगदान दिए हैं सेवानिवृत प्रधान पाठक श्री चतुर्वेदी जी ने अपने शिक्षक जीवन 1988 में प्रारंभ की थी प्राथमिक शाला हुच्चेटोला में सहायक शिक्षक के रूप में 22 वर्षों तक सेवा प्रदान किया 2010 में प्रधान पाठक के रूप में पदोन्नति होकर शासकीय पूर्व माध्यमिक शाला में करीब 15 वर्षों तक सेवा प्रदान कर सेवानिवृत्ति हुए। शाला प्रबंधक समिति अध्यक्ष धनेश देशमुख ने कहा कि उन्हें बच्चों को प्रभावी ढंग से पढ़ने की कला बखूबी आता था जिसके कारण वह बच्चों के प्रिय शिक्षक थे सरपंच प्रतिनिधि जयेश जैन ने कहा कि वास्तव में वह शिक्षक अपने जीवन में बहुत लगन और कड़ी मेहनत से अपने व्यक्तित्व को निखारा है और यही कारण है कि उन्होंने प्रभावशाली सरल मधुर गुण से सभी का दिल जीत लिया है, स्टाफ की शिक्षक डीके साहू ने सेवानिवृत्ति शिक्षक के बारे में बताया कि वह अनुशासन प्रिय मेहनती बच्चों के बड़े प्रिय शिक्षक रहे हैं उनका जीवन एक आदर्श शिक्षक के रूप में सदैव हमारे दिल में अंकित रहेंगे उनके कार्यकाल के दौरान कई बच्चे प्रयास विद्यालय में चयनित हुए कई बच्चे राष्ट्रीय छात्रवृत्ति में चयनित होकर हर महीने छात्रवृत्ति ले रहे हैं उन्होंने कई उपलब्धि अपने शाला को दिलाई है।

### फिल्म गीतकार विष्णु कोठारी मीत ने शानदार गीत की प्रस्तुति दी



### जीवन सदैव आगे बढ़ने का हौसला रखें

कार्यक्रम के संरक्षक एमके कार्ते ने कहा कि उनका जीवन हम सबको हमेशा आगे बढ़ाने के लिए प्रेरित करती रहेगी, कार्यक्रम का संचालन पीलू राम साहू ने किया। कार्यक्रम की अध्यक्षता सी एस ठाकुर प्रधान पाठक ने किया, कार्यक्रम के संरक्षक एम के कार्ते संकुल प्राचार्य रेंगाडबरी थे, इस कार्यक्रम में सेवानिवृत शिक्षक यू.पी.चतुर्वेदी पूरे परिवार सहित उपस्थित थे, इस मौके पर डीके साहू सर, पीएम ठाकुर, एमके साहू, शाला प्रबंधन समिति के अध्यक्ष धनेश देशमुख, सदस्य बीरेंद्र इस्दा, एल एल चंद्राकर, सरस्वती सोनी, अरुणा मानिकपुरी, गौरी सोनी, देवकी निषाद, पालक समिति के अध्यक्ष मानसिंह यादव सदस्य, ग्राम पंचायत सरपंच श्रीमती भावना जयेश जैन,नेमन साहू, जनपद सदस्य श्रीमती मानकी पडौती, पूर्व विद्यार्थी अखिलेश सिन्हा, संदीप, मुन्नू दास, करण,अजय, प्रमोद, मुकेश, कीर्ति ,चित्रकला,संजना, भारती, खुशी सहित अन्य भूतपूर्व विद्यार्थी एवं ग्राम के अन्य नागरिक गण उपस्थित रहे।

### संत शिरोमणि सेन की जयंती मनाई गई



**जामगांव आर।** ग्राम नवागांव बी मे निवासरत समाजिक कार्यकर्ता, समाजसेवी श्री रामअवतार सेन वर्तमान सहसचिव, पूर्व कोषाध्यक्ष परिक्षेत्र सेन समाज बेल्हारी ने अपने घर मे संत शिरोमणि श्री सेन महाराज की तैलचित्र मे माल्यापर्ण कर सेन जी की 725 वीं जयंती मनाई। इस अवसर–पर रामावतार सेन चंद्रिका सेन, रश्मि सेन, अभिषेक सेन सहित सेन, समाज नवागांव बी के सदस्य उपस्थित थे।

### पोट्ठ लईका पहल अंतर्गत सुपोषण सह प्रशिक्षण के द्वितीय दिवस का हुआ आयोजन

**राजनांदगांव।** जिला पंचायत सीईओ सुरूचि सिंह की अध्यक्षता में जिला पंचायत सभाकक्ष में पोट्ठ लईका पहल अंतर्गत सुपोषण बैठक सह प्रशिक्षण के द्वितीय दिवस का आयोजन किया गया। बैठक सह प्रशिक्षण में महिला एवं बाल विकास विभाग, स्वास्थ्य विभाग, यूनिसेफ राज्य कार्यालय, रायपुर, एनआरएलएम जिला पंचायत के अधिकारी एवं अन्य विभागीय अधिकारी व कर्मचारी उपस्थित रहे। बैठक सह प्रशिक्षण के दौरान आंगनबाड़ी पर्यवेक्षकों तथा एनआरएलएम के सामुदायिक संवर्गों को ग्रामीण महिलाओं व बच्चों के स्वास्थ्य, खानपान तथा पोषण संबंधी विस्तारपूर्वक महत्वपूर्ण जानकारी तथा जिला प्रशासन राजनांदगांव द्वारा तैयार किए गए पोषण मार्गदर्शिका पर प्रशिक्षण प्रदान किया गया।

# विनायकपुर के तामेश्वर सिन्हा अग्नि वीर भर्ती फोर्स में चयनित



हरिभूमि न्यूज ▶▶| अंडा

दुर्ग जिला अंतर्गत ग्राम विनायकपुर के अग्निवीर फोर्स के लिए चयन तामेश्वर सिन्हा पिता तामेश्वर सिन्हा ग्राम विनायकपुर के निवासी हैं अग्नि वीर फोर्स में अपना नाम चयनित कराया । ट्रेनिंग सेंटर सिकन्दर बार तेलंगाना चयनित हुआ। इस अवसर पर उसके घर में बंधाई देने के लिए सरपंच योगेन्द्र दिल्लीवार,जगन्नाथ देवांगन, जनक साहू, शशि ठाकुर, उपसरपंच राकेश ठाकुर सहित अन्य ग्रामीण जन उपस्थित थे। तामेश्वर सिन्हा को बहुत-बहुत बधाई प्रेषित किया उज्जवल भविष्य की कामना किया।



विज्ञापन हेतु संपर्क करें : 0771-4242213, 7987119756, 9303508130

## खबर संक्षेप



### जनपद अध्यक्ष पहुंचे ग्रामसभा में

**छुरिया।** ग्राम पंचायत कन्हारपुरी में ग्रामसभा का आयोजन किया गया। ग्राम सभा में सचिव रामटेके ने प्रधानमंत्री आवास प्लस 2.0 का वाचन किया। इस दौरान पहुंचे जनपद अध्यक्ष संजय सिन्हा का सरपंच रामगुलाल कोर्राम ने गुलाल लगाकर स्वागत किया। श्री सिन्हा ने ग्रामीणों को महतारी वंदन योजना, नया राशन कार्ड बनवाने, नाम जुड़वाने के संबंध में जानकारी दी। कुछ व्यक्तियों के राशन नहीं मिलने देने पर तुरंत समाधान किया। श्री सिन्हा ने ग्रामीणों को पानी बचाने की शपथ दिलाया । इस अवसर पर मंडल भाजपा अध्यक्ष कांताप्रसाद साहू, राजेश्वर ध्रुवे, नैनसिह पटेल सहित ग्रामीण मौजूद थे।

### देवांशी साहू कक्षा में प्रथम

**डोंगरगांव।** स्थानीय भारतीय पब्लिक हायर सेकेंडरी स्कूल में गत दिनों वार्षिक परीक्षा के परिणाम घोषित किए गए। देवांशी साहू ने पीपी 2 में 99 प्रतिशत अंक प्राप्त कर कक्षा में प्रथम स्थान प्राप्त किया। गीताली साहू 98 फीसदी अंकों के साथ दूसरे स्थान पर रही। प्राचार्य एवं शाला परिवार ने बच्चों को मोमेंटो एवं प्रशस्ति पत्र प्रदान कर सम्मानित किया।

### राशन लेने ग्रामीणों की बढ़ी परेशानी

**मुढ़ीपार।** मुढ़ीपार के ग्रामीणों को ग्राम मे संचालित उचित मूल्य दुकान से राशन लेने में बीते छः माह से परेशानी हो रही है। ग्रामीण राशन के लिए सारे काम काज को छोड़कर लाइन मे लगे रहते है। दिनभर मशक्कत करने के बाद भी उन्हे राशन नहीं मिल पाता और मायूस होकर घर लौटना पड़ जाता है। ग्रामीणों ने बताया कि दिनभर लाइन मे खड़े होने के बाद भी उन्हे राशन नहीं मिलता वही प्रभावशाली लोगों को तुरंत राशन दे दिया जाता है। यह प्रतिनिधि जब राशन दुकान पहुंचा तब कुछ ही ग्रामीण मौजूद थे। बाकी ग्रामीण परेशान होकर घर चले गए थे। उचित मूल्य की दुकान में सूचना बोर्ड भी नही लगाया गया है।

### मासूम के गले से निकाला सिक्का

**डोंगरगांव।** स्थानीय विद्याभूषण ठाकुर मेमोरियल हॉस्पिटल में 26 अप्रैल को चार साल के बच्चे के गले से सिक्का निकाला गया।



जानकारी के अनुसार खुज्जी के चार वर्षीय बच्चे ने पांच रूपए के सिक्के का निगल लिया था। गले में दर्द उठने के बाद उसकी मां उसे लेकर विद्याभूषण ठाकुर हास्पिटल पहुंची थी। डॉ. प्रियांक विद्याभूषण ठाकुर ने स्थिति की गंभीरता को समझते हुए तुरंत जांच और इलाज का प्रबंध कराया। बच्चे को जनरल एनेस्थीसिया देकर लेरेंगोस्कोपी द्वारा सी-आर्म मशीन से देखते हुए लांग मेगीलस फोर्सेप की मदद से पांच रूपए के सिक्के को सुरक्षित और सफलतापूर्वक निकाला गया। बच्चा अब पूर्णतः स्वस्थ और सुरक्षित है।

## जागरूकता

**गुप्त स्नातकोत्तर कालेज में सड़क सुरक्षा एवं नशा मुक्ति विषय हुई कार्यशाला**

# यातायात नियमों के उल्लंघन और नशे की आदत से हरसाल लाखों जन व धन की हानि

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बालोद

शासकीय घनश्याम सिंह गुप्त स्नातकोत्तर महाविद्यालय बालोद में सड़क सुरक्षा एवं नशा मुक्ति विषय पर एक दिवसीय जागरूकता कार्यशाला का आयोजन किया गया। हेमचंद यादव विश्वविद्यालय दुर्ग के निर्देशानुसार एवं राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई के तत्वावधान में कार्यक्रम का आयोजन किया गया।

- नुक्कड़ नाटक, निबंध लेखन, पोस्टर मेकिंग तथा नारा लेखन आदि प्रतियोगिताएं हुईं

कार्यक्रम के मुख्य अतिथि अध्यक्ष जनभागीदारी समिति, महाविद्यालय बालोद अमित चोपड़ा थे। कार्यक्रम की अध्यक्षता प्राचार्य डॉ. जेके. खलखो ने की। विशिष्ट अतिथि उपाध्यक्ष, नगर पालिका परिषद कमलेश सोनी, जिला संगठक डॉ. लीना साहू, एसडीओपी, बालोद देवांश सिंह राठौर, सहायक प्राध्यापक, साइकाइट्रिक सोशल वर्क डॉ. लोकेश के रंजन, सामाजिक कार्यकर्ता महेश पाठक एवं विभागाध्यक्ष, गणित विभाग डॉ. एचएल. मानकर मंचासीन थे। कार्यक्रम की शुरुआत माँ सरस्वती एवं युवाओं के प्रेरणा स्त्रोत स्वामी विवेकानंद जी के छायाचित्र पर दीप प्रज्वलन और माल्यार्पण से की गई। तत्पश्चात जम्मू–कश्मीर के पहलगाम में हुए आतंकवादी हमले में निहत्थे नागरिकों की हत्या पर गहरी संवेदना व्यक्त करते हुए मौन श्रद्धांजलि दी गई। मुख्य अतिथि अमित चोपड़ा ने कहा कि सड़क सुरक्षा आज के समय में अत्यंत महत्वपूर्ण विषय है। हर साल भारत में लगभग डेढ़ लाख लोगों की मृत्यु सड़क दुर्घटनाओं के कारण होती है। यह आंकड़ा केवल एक संख्या नहीं, बल्कि हजारों परिवारों की बर्बादी का चित्रण है। उन्होंने कहा कि हेलमेट पहनना, सीट बेल्ट लगाना, ट्रैफिक लाइट का पालन करना जैसे छोटे–छोटे नियम हमारे जीवन को बचा सकते हैं।



डॉ. जेके. खलखो ने कहा कि विद्याथएँ वर्ग देश का भविष्य है और उन्हें सड़क सुरक्षा जैसे विषयों को गंभीरता से आत्मसात करना चाहिए। उन्होंने कहा कि यदि हम स्वयं यातायात नियमों का पालन करें, तो समाज में स्वतः अनुशासन की भावना उत्पन्न होती है।

एसडीओपी देवांश सिंह राठौर ने कहा कि सड़क सुरक्षा सिर्फ सरकार या पुलिस की जिम्मेदारी नहीं है, बल्कि हर नागरिक की व्यक्तिगत जिम्मेदारी है। उन्होंने युवाओं को ऑनलाइन ठगी और साइबर सुरक्षा जैसे आधुनिक खतरों से भी सचेत रहने की सलाह दी। साथ ही टोल फ्री नंबर 112 की जानकारी देकर आपातकालीन स्थिति में तुरंत सहायता लेने की बात कही।

डॉ. लोकेश के रंजन ने कहा कि "नशा नाश की जड़ है" — यह केवल एक कहावत नहीं, बल्कि सच्चाई है जिसे हमें समझना होगा। उन्होंने बताया कि नशे की लत न केवल शारीरिक और मानसिक क्षति पहुंचाती है, बल्कि पारिवारिक, सामाजिक और आर्थिक ढांचे को भी तोड़ देती है। उन्होंने युवाओं से आग्रह किया कि नशा मुक्ति को एक व्यक्तिगत संकल्प बनाएं। डॉ. लीना साहू ने कहा कि परिवार की भूमिका सबसे अहम होती है। माता–पिता यदि अपने बच्चों को प्रारंभ से ही अच्छे संस्कार और अनुशासित जीवनशैली सिखाएं, तो बच्चे गलत आदतों से बच सकते हैं।

कमलेश सोनी ने राष्ट्रीय सेवा योजना के जागरूकता कार्यक्रमों की प्रशंसा करते हुए कहा कि ऐसे आयोजन समाज में सकारात्मक सोच और व्यवहार में बदलाव लाने का सशक्त माध्यम हैं। उन्होंने उपस्थित युवाओं से आग्रह किया कि वे स्वयं नशे से दूर रहें और दूसरों को भी जागरूक करें।

कार्यक्रम में सड़क सुरक्षा एवं नशा मुक्ति विषय पर नुक्कड़ नाटक, निबंध लेखन, पोस्टर मेकिंग तथा नारा लेखन जैसी प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया, जिसमें बालोद जिले के विभिन्न महाविद्यालयों और विद्यालयों के विद्यार्थियों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। विजेताओं को प्रशस्ति पत्र एवं पुरस्कार राशि देकर सम्मानित किया गया।

कार्यक्रम के संयोजक प्रो. जीएन. खरे ने आयोजन की रूपरेखा प्रस्तुत करते हुए कहा कि सड़क सुरक्षा और नशा मुक्ति जैसे विषय केवल एक दिन की चर्चा नहीं, बल्कि जीवन भर के लिए अपनाने योग्य सिद्धांत हैं। कार्यक्रम के सफल संचालन हेतु प्रमुख सलाहकार प्रो. सीडी. मानिकपुरी ने सभी को धन्यवाद ज्ञापित किया। मंच संचालन राष्ट्रीय सेवा योजना के सक्रिय स्वयंसेवक लक्ष कुमार साहू द्वारा प्रभावशाली रूप से किया गया।

# गातापार शाला के परीक्षा परिणामों की घोषणा की



हरिभूमि न्यूज ▶▶| जामगांव आर

शासकीय प्राथमिक शाला गातापार में वार्षिक परीक्षा परिणाम की घोषणा की गई। विद्यालय मे अध्ययनरत सभी बच्चो ने अच्छे अंको के साथ उत्तीर्ण की।

विद्यालय की प्रधानपाठक भुनेश्वरी नेताम ने बताया कि शाला मे संकल्प एक प्रयास संस्था के तरफ से सहयोग देने वाली शिक्षिका पायल साहू शादी की पवित्र बंधन मे बंधने जा रही है, इस अवसर को बहुत ही खास बनाते हुए पायल साहू ने स्कूल परिवार को न्योता भोज दिया। विद्यालय के बच्चों ने अपनी प्यारी दीदी का मुंह मीठा कराके आभार व्यक्त करते हुए उज्वल भविष्य की बधाई दिए। इस आयोजन को संकुल समन्वयक देवांगन, प्रधानपाठिका भुनेश्वरी नेताम, शिक्षक जितेन्द्र कुमार चंद्राकर, चंद्रहास, रसोइया अम्बिका साहू, सफाई कर्मचारी देवेंद्र साहू ने सराहा।

# जैन साधु और साध्वी भगवन्तों का पद विहार करते जामगांव आगमन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जामगांव आर

उपाध्याय प्रवर आध्यात्म योगी महेंद्र सागर जी मसा, आध्यात्म मार्ग प्रणेता मनीष सागर जी मसा आदि ठाना 15 प्लस 3 साध्वी भगवन्तों का धमतरी से प्रारंभ विहार भखारा, रानीतराई, जामगांव आर, मर्रा, सातरा पद विहार करते हुए रविवार को प्रातः जामगांव एम पहुंचे।

- सोमवार को कैवल्यधाम की आध्यात्म धरा पर रज कण से सुशोभित भाव नियोजित है

शाम को मोतीपुर में रात्रि विश्राम करते हुए सोमवार प्रातः कैवल्यधाम की आध्यात्म धरा पर रज कण से सुशोभित भाव नियोजित है। जामगांव एम में रविवार को व्याख्यान सत्संग का आयोजन हुआ। जिसमें आध्यात्म मार्ग प्रणेता मनीष सागर जी मसा एवं विन्रम सागर जी मसा ने महाविदेह क्षेत्र की महिमा और वहां पहुंचने के लिए संस्कार भाव पर हृदय स्पशएँ व्याख्यान किए। जैन श्री संघ जामगांव आर, रानीतराई, मोतीपुर, अमेरी, रायपुर, जयपुर, सूरत के रायपुर जैन श्री संघों ने सत्संग लाभ लिए।

### मनीष सागर एवं विन्रम सागर ने सत्संग में महाविदेह क्षेत्र की महिमा की चर्चा की



### आसक्ति से विरक्ति की ओर बढ़े

आध्यात्म मार्ग प्रणेता युवा जैन संत मनीष सागर ने कहा कि सकारात्मक सोच जीवन को अपडेड करती है सुख शांति पूर्वक जीने की राह दिखाती है। अच्छी सोच लोक परलोक को संवारती है, संत श्री ने कहा कि इस जन्म की माथापच्ची में इतना ना उलझे कि परलोक वेदनाओं से भर जाए। जितना आप धर्म सत्संग में रहेंगे दुनिया की कमियां आपको समझ आने लगेगी और दुनिया से विरक्त होने का मन बढ़ता चला जाएगा।महा विदेह क्षेत्र में जाने लायक संस्कार प्राप्त करे।

### ना लाएं थे ना ले जाओगे फिर कैसा तेरा मेरा

जैन संत विन्रम सागर जी मसा कहा कि आदमी भौतिक सुख की चाह में आध्यात्म की परम सुख को दरकिनार करने की गलती दोहराता चला आ रहा है, जो भव भव की यात्र को निरंतर बढ़ाते जा रहा। संत श्री ने कहा कि जीवन का उद्देश्य समझे। उद्देश्य को समझकर मंजिल को प्राप्त करने भाव यात्र प्रारंभ करे, नश्वर संसार में तेरा मेरा का भाव त्यागे जरा सोचे आप क्या क्या लेकर आए थे और क्या क्या लेकर जाओगे जब ना लाएं थे और ना ले जाना है तो मेरा तेरा में उलझकर क्यों भटक रहे हो।

### जैन श्री संघों ने व्याख्यान लाभ लिए

व्याख्यान में सुरेश बैद चंद्रकैलाश ममता प्रज्ञा बैद आशीष भारती कोचर, डॉ डालचंद, अंकिता जैन, आसकरण गोलछा, विनोद राखेचा, जितेंद्र डागा, राकेश जैन, अंजू जैन, चंचल पारख, प्रिया सराफ, रंजना चोपड़ा, रेखा जैन, सम्यक जैन, सुशीला गोलछा, उमेश डागा, लता डागा, सोनल चोपड़ा, वंश चोपड़ा ने व्याख्यान लाभ लिए। दोपहर सत्संग में हुई ज्ञान चर्चा।

**गली-मोहल्लों में लैपटाप और मोबाइल पर खुले आम दांव लगाए जा रहे**

# दल्लीराजहरा बना आईपीएल सट्टे का गढ़ पुलिस की सांठगांठ, कार्रवाई औपचारिक

हरिभूमि न्यूज ▶▶| दल्लीराजहरा

दल्लीराजहरा और आसपास के इलाके इन दिनों आईपीएल सट्टेबाजी के गढ़ बन चुके हैं। हर गली, हर नुक्कड़ पर मोबाइल फोन और लैपटॉप के जरिए करोड़ों का काला कारोबार खुलेआम चल रहा है। सबसे चौंकाने वाली बात यह है कि पुलिस सब कुछ जानते हुए भी चुप बैठी है। सवाल उठता है — आखिर किसके संरक्षण में फल-फूल रहा है यह अवैध धंधा? विश्वसनीय सूत्रों के मुताबिक, आईपीएल सट्टे का नेटवर्क अब स्थानीय गुंडों से लेकर सफेदपोशों तक फैला हुआ है। बड़े-बड़े सट्टेबाजों ने टेक्नोलॉजी का सहारा लेकर ऑनलाइन प्लेटफॉर्म पर जाल बिछा दिया है, जिसमें हर दिन सैकड़ों युवा फंसते जा रहे हैं। मोबाइल ऐप्स और गुप्त व्हाट्सएप ग्रुप्स के जरिए करोड़ों का दांव लग रहा है-और पुलिस के पास सिर्फ 'जांच कर रहे हैं' जैसी घिसी-पिटी बयानबाजी बची है।



### दल्लीराजहरा पुलिस की संदिग्ध चुप्पी

जनता का सीधा आरोप है कि पुलिस की मिलीभगत के बिना इतना बड़ा रैकेट चल ही नहीं सकता। कई स्थानों पर खुलेआम सट्टा लगने के बावजूद न तो छापे पड़ रहे हैं, न कोई गिरफ्तारियाँ हो रही हैं। कुछ सूत्रों का दावा है कि 'महीना' पहुँचने के चलते कार्रवाई को ठंडे बस्ते में डाल दिया गया है। शहर के जागरूक और शुभचिंतक शहर के हितैषियों रामलाल कंवर, उपेंद्र, जग्गू, जनक, गोपाल सहित दर्जनों लोगों ने बताया कि कुछ सत्ता पक्ष और विपक्ष के प्रभावशाली लोगों के संरक्षण में क्या व्यापार तेजी के साथ फल फूल रहा है क्षेत्र में अपराध का ग्राफ तेजी से बढ़ रहा है। ऑनलाइन आईपीएल सत्ता के अलावा युवा वर्ग नशे और कर्ज के दलदल में फंसता जा रहा है। आम नागरिकों का भरोसा पुलिस व्यवस्था से उठता जा रहा है।

### जनता का गुस्सा फूटा

स्थानीय लोग अब खुलकर सवाल उठा रहे हैं अगर पुलिस वाकई ईमानदार है तो अब तक बड़े सट्टेबाज सलाखों के पीछे क्यों नहीं हैं? सोशल मीडिया पर सेव दल्ली और स्टाप बेटिंग जैसे हैशटैग्स के जरिए लोग प्रशासन को घेर रहे हैं। मुखबिर पुलिस को जानकारी दें : थाना प्रभारी टी एस पट्टावी कहते हैं कि लगातार कार्रवाई जारी है और किसी मुखबीर के पास कोई जानकारी हो तो अवश्य पुलिस को बताएं कड़ी कार्रवाई की जाएगी, करवाई सतत जारी रहेगी।

### जनहित पर मांग

आईपीएल सट्टेबाजों के खिलाफ ताबड़तोड़ कार्रवाई हो। हर स्तर पर पुलिस अधिकारियों की जिम्मेदारी तय की जाए। ऑनलाइन सट्टेबाजी पर निगरानी के लिए साइबर टीम का गठन हो। दोषी पुलिसकर्मियों पर निलंबन व बर्खास्तगी की कार्रवाई की जाए। अगर अब भी प्रशासन नहीं जागा तो दल्लीराजहरा अपराध का ऐसा अड्डा बन जाएगा, जहां से लौटना मुश्किल होगा, क्या कहते हैं जिम्मेदार पुलिस अधिकारी, आईपीएल ऑनलाइन सट्टा और नशे को लेकर नगर पुलिस अधीक्षक डॉक्टर चित्रा वर्मा कहती हैं की नशा को लेकर लगातार कार्रवाई चल रही है ,,आगे भी जारी रहेगी, आईपीएल ऑनलाइन सट्टा की कोई जानकारी हो, शिकायत हो तो अवश्य बताएं ,शासन के नियम अनुसार कड़ी कार्रवाई किया जाएगी।

# पहलगाम हिंसा के मृतकों की आत्म शांति के लिए किया नगर संकीर्तन



हरिभूमि न्यूज ▶▶| गुरूर

इस्कान प्रचार केंद्र गुरुर द्वारा पहलगाम हमले के पीड़ितों की स्मृति में हरिनाम नगर संकीर्तन का आयोजन किया गया। 26 अप्रैल को प्रचार केंद्र गुरुर द्वारा गुरुर नगर एवं आसपास के क्षेत्रें कन्हारपुरी और कोहिलामार में हरिनाम नगर संकीर्तन का आयोजन किया गया। यह कार्यक्रम हाल ही में पहलगाम में हुए आतंकवादी हमले में मारे गए निर्दोष लोगों की आत्मा की शांति के लिए समर्पित था। संकीर्तन का नेतृत्व केशव सखा दास, जो हिस होलिनेस भक्ति सिद्धार्थ स्वामी महाराज के प्रिय शिष्य हैं ने किया।

करीब दो घंटे तक भक्तों ने पूरे नगर में भगवान के पवित्र नाम का संकीर्तन किया। स्थानीय लोगों ने इस प्रयास का दिल से स्वागत किया और कई लोगों ने संकीर्तन में भाग भी लिया। इस सेवा के माध्यम से पवित्र नाम के महात्म्य का प्रचार हुआ और अनेक लोगों को नामजप की प्रेरणा मिली।

हम पुलिस थाना गुरुर के भी अत्यंत आभारी हैं, जिन्होंने संकीर्तन यात्र में महत्वपूर्ण सहयोग दिया। साथ ही उन सभी भक्तों का भी धन्यवाद, जिन्होंने इस आयोजन को सफल बनाने में सहयोग किया। हम प्रार्थना करते हैं कि प्रभु श्री चौतन्य महाप्रभु, श्रील प्रभुपाद और श्री श्री राधा माधव–गौर निताई की कृपा से इन प्रयासों के माध्यम से दिवंगत आत्माओं को शांति प्राप्त हो। केशव सखा दास, समन्वयक, इस्कान प्रचार केंद्र गुरुर ने आश्वासन दिया कि भविष्य में नियमित रूप से नगर संकीर्तन आयोजित किए जाएंगे, जिससे अधिक से अधिक लोग पवित्र नाम का लाभ ले सकें।

### मानव एकता दिवस पर रक्तदान शिविर

**राजनांदगांव।** संत निरंकारी सत्संग भवन लालबाग राजनांदगांव में 24 अप्रैल को मानव एकता दिवस के अवसर पर निरंकारी मिशन द्वारा विशाल रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। रक्तदान शिविर का उदघाटन प्रथम रक्तदाता जितेन्द्र बजाज अनुपम नगर द्वारा किया गया। संत निरंकारी मंडल सेवा दल सदस्यों द्वारा एवं साध-संगत तथा समाज के युवाओं द्वारा 91 यूनिट रक्तदान किया गया, जिसे जिला चिकित्सालय राजनांदगांव को भेजा गया। उक्त जानकारी मीडिया प्रभारी मदनलाल नवलानी ने दी।

तुरंत आराम के लिए
तुलसी आयुर्वेदिक चिकित्सालय
पता - तुलसी निवास, बस स्टैंड के पीछे, उपाध्याय नर्सिंग होम के सामने, धमतरी मो.नं. : 9993010732
लकवा रोग, वातरोग - सभी प्रकार के दर्द, गठियाबात, साइटिका, झुनझुनी वात, कमरदर्द, घुटना दर्द, अकड़न, नस रोग का इलाज
चर्मरोग - दाद, खुजली, बैमची, मुंह में छाला होना का इलाज
पेट रोग - कब्ज, गैस, भूख न लगना, खट्टी डकार आना का इलाज
बवासीर - मस्सा होना, खून निकलना, खुजली होना का इलाज
पुरूष रोग - धातुस्त्राव, शीघ्रपतन व कमजोरी का इलाज
स्त्री रोग - लाल, सफेद पानी आना, मासिक रुकावट का इलाज
बुखार, खांसी, स्वांसरोग, मूत्ररोग, केशरोग, दांतरोग का इलाज

# स्वास्थ्य शिविर से ग्रामीण बड़ी संख्या में लाभान्वित

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बालोद



ग्राम अंगारी सरपंच ममता डड़सेना द्वारा ग्राम पंचायत जामगांव बी में स्वास्थय शिविर आयोजित किया गया। जिसमें कई लोग लाभान्वित हुए। लोगों को उनकी स्वास्थ्य स्थिति के बारे में जानकारी हुआ और बीमारियों का पता लगाने में मरीजों को मदद मिला, उन्हें स्वस्थ जीवनशैली अपनाने के लिए प्रेरित किया गया है।

स्वास्थ्य शिविर में डॉक्टर और अन्य पेशेवर द्वारा स्वास्थ्य जांच किया, जैसे कि रक्तचाप, रक्त शर्करा, और अन्य सामान्य बीमारियों जांच की। इससे लोगों को पता चला है कि उन्हें किस तरह के स्वास्थ्य समस्या से जूझना पड़ रहा है, शिविरों में संक्रामक रोगों की रोकथाम के बारे में जानकारी दी गई कि स्वच्छता का पालन करना, हाथ धोना और टीकाकरण। इससे लोगों को संक्रामक रोगों से बचने में मदद शिविरों मे मिलेगी, लोग एक साथ आये हैं और स्वास्थ्य के बारे में जानकारी साझा किया हैं। इससे लोगों के बीच सामाजिक जुड़ाव बढ़ा और वे एक–दूसरे को स्वस्थ जीवनशैली अपनाने के लिए प्रेरित किया।

online Booking:-www.tripuryatra.com
सुविधा ज्यादा सबसे कम राशि पर
स्लीपर मात्र 20,500/-
By Train-रिजर्वेशन कोच (14 दिन)
16 मई, 23 मई, 02 जून, 15 जून, 14 अगस्त, 04 सितम्बर, 03 अक्टूबर 2025
चार धाम यात्रा
श्री केदार नाथ, श्री बद्रीनाथ, श्री गंगोत्री, श्री यमुनोत्री, श्री हरिद्वार, श्री ऋषिकेश
चार धाम यात्रा के इंडिविजुअल (व्यक्तिगत) पैकेज के लिए संपर्क करें।
राशि:-स्लीपर 20,500/-, 3 एसी- 29,500/-, 2 एसी- 35,500/- (+5%GST)
Since-2007
श्री त्रिपुर तीर्थ यात्रा सेवा समिति
संपर्क करें:-7354-411411

स्वामी जी-93406-38884
By Train- रिजर्वेशन कोच
रामेश्वरम धाम यात्रा
तिरूपति बालाजी, श्री रामेश्वरम, कन्याकुमारी, श्री मल्लिकार्जुन ज्योतिर्लिंग, त्रिवेन्द्रमपुरम केरला, मदुरै-माँ मिनाक्षी देवी, पद्मनादम् स्वामी, केरला, सुन्द्रेश्वर महादेव,
यात्रा दिनांक
10 दिन की यात्रा
राशिः स्लीपर- 18,501/-, 3AC-29,501/-
स्वामी तीर्थ यात्रा
संपूर्ण छत्तीसगढ़, मध्यप्रदेश, महाराष्ट्र राज्य में सबसे कम दरों पर तीर्थ यात्रा
91111-11866, 82757-57579
Head Office : सिटी सेंटर मॉल ग्राउण्ड फ्लोर पावर हाउस रोड कोरबा (छ.ग.)